


नागपुर हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 76 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# यूपीआई से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

● कैबिनेजट फैसले: जेएनपीए से कनेक्टिविटी के लिए 6 लेन ग्रीनफील्ड हाइवे के निर्मा को मंजूरी

**एकीकृत**

▶▶ सिद्धांतों के तहत एकीकृत बुनियादी ढांचा नियोजन के मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को महाराष्ट्र में 6-लेन एक्सेस-नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड नेशनल हाइवे के निर्माण को मंजूरी दी। यह राजमार्ग जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) से चौक तक (29.219 किमी) बनाया जाएगा। इस परियोजना को बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल पूंजी लागत 4500.62 करोड़ रुपये होगी। भारत में प्रमुख और छोटे बंदरगाहों को बुनियादी ढांचे से जोड़ने वाली सड़क का विकास पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांतों के तहत एकीकृत बुनियादी ढांचा नियोजन के मुख्य फोकस क्षेत्रों में से एक है। जेएनपीए में कंटेनर की संख्या में वृद्धि और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के साथ इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्टिविटी को बढ़ाने की आवश्यकता की पहचान की गई। वर्तमान में पलासपे फाटा, डी-पॉइंट, कलंबोली जंक्शन, पनवेल जैसे शहरी क्षेत्रों में भारी भीड़भाड़ के कारण जेएनपीए से एनएच-48 और मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे के आटीरीअल स्वर्णिम चतुर्भुज (जीक्यू) खंड तक वाहनों को जाने में 2-3 घंटे लगते हैं, जहां यातायात 1.8 लाख पीसीयू/दिन है। 2025 में नवी मुंबई हवाई अड्डे के चालू होने के बाद सीधी कनेक्टिविटी की आवश्यकता और भी बढ़ने की उम्मीद है। तदनुसार यह परियोजना इन कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा जेएनपीए बंदरगाह और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने की लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार लाने के लिए तैयार की गई है। परियोजना का अलाइन्मन्ट जेएनपीए (एनएच 348) (पगोटे गांव) से शुरू होता है और मुंबई-पुणे राजमार्ग (एनएच -48) पर समाप्त होता है, जबकि यह मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच -66) को भी जोड़ता है। सह्याद्रि से होकर गुजरने वाली दो सुरंगें पहाड़ी इलाकों में घाट खंड के बजाय वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही में आसानी के लिए प्रदान की गई हैं, जिससे बड़े कंटेनर ट्रकों के लिए उच्च गति और आसानी से आवागमन सुनिश्चित होता है। नया 6 लेन ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट कॉरिडोर बेहतर बंदरगाह संपर्क को बढ़ावा देगा।

### नया ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स स्थापित होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप असम के मौजूदा परिसर में 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता का एक नया ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में किए गए निर्णयों की केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने जानकारी दी। इसकी अनुमानित कुल परियोजना लागत 10,601.40 करोड़ रुपये है।

# फ्रीबीज-सब्सिडी पर राष्ट्रीय नीति की जरूरत: धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने मुफ्त उपहार (फ्रीबीज) और सब्सिडी पर चर्चा की वकालत करते हुए कहा कि इस बारे में एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है ताकि सरकारी निवेश का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा सके। सदन में शून्यकाल के दौरान धनखड़ ने समाजवादी पार्टी के प्रो. रामगोपाल यादव द्वारा सांसदों के स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के फंड में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाए जाने के बाद यह बात कही।
धनखड़ ने कहा कि शांति तंत्र, तुष्टीकरण, जिसे अक्सर मुफ्त उपहार के रूप में जाना जाता है, उस पर इस सदन को विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है, क्योंकि देश तभी विकसित होता है जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो। चुनावी प्रक्रिया ऐसी है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गए हैं और उसके बाद सत्ता में आने वाली सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं, इतनी असहज कि वे अपने विचारों पर फिर से विचार करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है ताकि किसी भी रूप में सरकार के सभी निवेशों का उपयोग बड़े अच्छे के लिए संरचित तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर नेता विपक्ष और नेता सदन के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद धनखड़ ने विधानसभा सदस्यों (विधायकों) और संसद सदस्यों (सांसदों) के लिए पेंशन और भत्तों में असमानता के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विधायिका, सांसद और विधायक के लिए प्रावधान है, लेकिन इसमें एक समान व्यवस्था नहीं है। इसलिए आप पाएंगे कि कई राज्यों में विधायिकाएं संसद सदस्यों से कहीं ज्यादा विधानसभा सदस्यों को भत्ते और वेतन देती हैं और यहां तक कि विधानसभा के पूर्व सदस्य के लिए पेंशन में भी 1 से 10 के पैमाने पर अंतर होता है।

**पैमाना**

▶▶ एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है ताकि सरकारी निवेश का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा सके

## सुनीता ने कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया : राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी के लिए पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपनी दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है। राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा, नासा के क्रू-9 मिशन की धरती पर सुरक्षित वापसी के पीछे पूरी टीम को बधाई। भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने अपनी दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है। उनकी ऐतिहासिक यात्रा दृढ़ संकल्प, टीम वर्क और असाधारण साहस की कहानी है। मैं उनके दृढ़ संकल्प को सलाम करती हूं और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं।
उल्लेखनीय है कि भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता लिन विलियम्स नासा की एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं। उनका जन्म 19 सितंबर 1965 को अमेरिका के ओहिया प्रांत के यूक्लिड में हुआ था।

## सुविधाओं और श्रेणियों के आधार पर तय होता है रेल किराया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अलग-अलग ट्रेनों का किराया उनमें दी जाने वाली सुविधाओं पर आधारित है। उन्होंने बताया कि देश में विभिन्न प्रकार के यात्री वर्गों के लिए अलग-अलग प्रकार की ट्रेन सेवाएं दी जाती हैं। दरअसल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत ट्रेनों के ज्यादा किराए के संबंध में लोकसभा में प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

**वंदे भारत ट्रेनों के किराए पर क्या कहा?**
असम के धुबरी से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन जानना चाहते थे कि क्या सरकार ने वंदे भारत एक्सप्रेस के किराए को कम करने पर विचार किया है ताकि इस प्रीमियम ट्रेन सेवा को आबादी के बड़े हिस्से, खासकर निम्न-आय वर्ग के लिए अधिक किफायती बनाया जा सके। इस प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे सेवा की लागत, सेवा का मूल्य, यात्रियों द्वारा वहन किए जा सकने वाले खर्च और अन्य साधनों, सामाजिक-आर्थिक विचारों को ध्यान में रखते हुए किराया तय करता है। रेल मंत्री ने कहा कि विभिन्न ट्रेनों/श्रेणियों का किराया इन ट्रेनों में दी जाने वाली सुविधाओं पर आधारित है।

**आधारित**

▶▶ वंदे भारत ट्रेनों सहित यात्री किराए का मूल्यांकन एक सतत और चल रही प्रक्रिया है

## बिल गेट्स ने स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से की मुलाकात




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को भारत यात्रा के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता के क्षेत्रों का उल्लेख किया। गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने निदान और दवाओं की लागत को कम करने, दुनिया भर में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने में भारत द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर दोनों पक्षों ने साझेदारी को जारी रखने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के ज्ञापन को नवीनीकृत करने के लिए अपनी तत्परता जाहिर की।

## इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल में आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति से बचाने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिनों के लिए 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने जारी एक अधिसूचना में घरेलू इस्पात उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ लिए 12 फीसदी का अस्थायी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

# पृथ्वी पर लौटीं अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**फ्लोरिडा।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) से संबद्ध भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती पर वापस लौट आए। फ्लोरिडा के तट पर उनकी सफल लैंडिंग हुई है। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स क्रू-9 वापस धरती पर आ गया। नासा के ये दोनों अंतरिक्ष यात्री मात्र आठ दिन के मिशन पर गए थे। तकनीकी खराबी के कारण दोनों नौ माह और 13 दिन तक अंतरिक्ष में फंसे रहे। नासा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है-"घर में आपका स्वागत है! नासा का स्पेसएक्स क्रू-9 विज्ञान मिशन के बाद धरती पर वापस आ गया है।'



**अब सभी मिलेंगे अपने परिवारों से**
नासा की वेबसाइट के अनुसार, निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव पूर्वी समय पर शाम 5:57 बजे पृथ्वी पर लौट आए। स्पेसएक्स रिकवरी जहाजों पर सवार टीमों ने अंतरिक्ष यान और उसके चालक दल को वापस निकाला। तट पर लौटने के बाद चालक दल ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर के लिए उड़ान भरेगा। वहां सभी अपने परिवारों से मिलेंगे। नासा के स्पेसएक्स क्रू-9 ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एजेंसी के नौवें वाणिज्यिक क्रू रोटेशन मिशन को पूरा किया।
यह अमेरिका की खाड़ी में फ्लोरिडा के तल्हासी तट से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सुरक्षित रूप से उतरा।

**राहत**

▶▶ नासा ने किया स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-आइए भारत, तकनीकी खराबी के कारण फंस गए थे

## तेलंगाना सरकार ने खेल बजट में की 100 करोड़ की वृद्धि



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा में बुधवार को प्रस्तुत वार्षिक बजट के दौरान राज्य के खेल क्षेत्र के लिए 465 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। पिछले बजट की तुलना में इसमें 100 करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने बजट पेश करते हुए कहा कि राज्य सरकार हैदराबाद के बाहरी इलाके हकीमपेट में 200 एकड़ में 'यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' की स्थापना कर रही है, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को तैयार करना है। इस विश्वविद्यालय में 12 विशेष खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी, जहां विभिन्न खेलों में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्यूचर सिटी में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार एक अत्याधुनिक 'स्पोर्ट्स हब' विकसित किया जाएगा, जिससे तेलंगाना को खेल उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। इस स्पोर्ट्स हब में स्पोर्ट्स साइंस सेंटर और स्पोर्ट्स मेडिसिन सेंटर होंगे, जो वैज्ञानिक प्रशिक्षण, प्रदर्शन अनुकूलन और चोट प्रबंधन जैसी सुविधाएं प्रदान करेंगे, जिससे खिलाड़ियों का समग्र विकास अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप हो सकेगा।

**खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर सराहना**
उप मुख्यमंत्री ने राज्य के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, बॉक्सर निखत जरीन और पैरा-एथलीट दीप्ति जीवनजी का विशेष रूप से उल्लेख किया।

**खेल पर बल**

▶▶ बाहरी इलाके हकीमपेट में 200 एकड़ में 'यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' की स्थापना कर रही

# टैरिफ का इस्तेमाल अब सच्चाई: एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं।
जयशंकर ने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा "कमिसार और पूंजीपतिः राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था" के दौरान यह टिप्पणी की। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारत सहित विभिन्न देशों से आयातित वस्तुओं पर विभिन्न टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जयशंकर ने कहा, "यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।" दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा, "मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं।



**टिप्पणी**

▶▶ अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की

## उत्तर भारत की पहली परमाणु परियोजना हरियाणा में बनेगी: जितेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत की पहली परमाणु परियोजना हरियाणा के गोरखपुर नामक एक छोटे-से शहर में बनने जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जैतापुर परमाणु ऊर्जा परियोजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए इसे भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। लोकसभा में उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी का नवीनीकरण किया जा रहा है।

## मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शिवराज को दी राहत बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मानहानि के मामले में केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दी गई राहत अवधि को बढ़ा दिया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को करने का आदेश दिया। शिवराज सिंह ने याचिका दायर कर कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी जमानती वारंट पर रोक लगाने की मांग की है। चौहान की याचिका पर कोर्ट ने 11 नवंबर 2024 को विवेक तन्खा को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने शिवराज सिंह को निर्देश दिया था कि वो ट्रायल में लगातार पेश हों। चौहान ने ट्रायल कोर्ट में चल रहे आपराधिक मानहानि मामले को रद्द करने और जमानती वारंट पर रोक लगाने की मांग की है। चौहान ने पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**संरचना** मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में मनरेगा के बजट में लगातार इजाफा किया

# मनरेगा के लिए रिकॉर्ड 86000 करोड़ का बजटीय आवंटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (मनरेगा) के लिए चालू वित्त वर्ष में 86000 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। यह अब तक का सर्वाधिक बजटीय आवंटन है। कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के दौरान वित्त वर्ष 2006-07 के लिए बजट आवंटन 11,300 करोड़ रुपये था, जो 2013-14 में बढ़कर 33,000 करोड़ रुपये हो गया। केंद्र में 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले एक दशक के दौरान मनरेगा के बजट में लगातार इजाफा किया गया। सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान परेशान लोगों की आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2020-21 में इस योजना के तहत रिकॉर्ड 1,11,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2013-14 के बीच सृजित कुल व्यक्ति दिवस 1660 करोड़ थे, जबकि वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2024-25 के बीच सृजित कुल व्यक्ति दिवस 3029 करोड़ रहे हैं, जो कि 2014 से पहले के दशक की तुलना में 82 प्रतिशत अधिक है। इस प्रक्रिया में 2014-15 से 2024-25 तक के पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 7,81,302 करोड़ रुपये जारी किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 8.07 करोड़ ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ है। हालांकि, 2006-07 से 2013-14 तक के पिछले दशक में केवल 2,13,220 करोड़ रुपये जारी किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप 1.53 करोड़ ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ था। पिछले 10 वर्षों में सरकार के बढ़ते प्रयासों से ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो कि जियोटैग की गई।



**इजाफा**

▶▶ सरकार बनने के बाद पिछले एक दशक के दौरान मनरेगा के बजट में लगातार इजाफा किया गया।

# दिल्ली में भीषण गर्मी से बढ़ेगी बिजली की डिमांड, बिजली कंपनियां डिस्काम ने तैयारी शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। इस बार गर्मी में अधिकतम मांग नौ हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच सकती है। इसे ध्यान में रखकर बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) ने तैयारी कर रही हैं। पिछले साल अधिकतम मांग 8656 मेगावाट पहुंच गई थी।

**पहले कितनी पहुंची थी बिजली की मांग?**
पहले कभी भी मांग आठ हजार मेगावाट नहीं पहुंची थी। बिजली की मांग का अनुमान लगाने के लिए बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल), बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करती हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिजली की खपत का मौसम का भी असर पड़ता है, इसलिए मौसम पूवार्नुमान का ध्यान रखा जाता है। निर्बाध आपूर्ति के लिए बिजली नेटवर्क का भी उन्नयन किया है। नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही जरूरत के अनुसार पुराने की क्षमता बढ़ाई गई है। अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित **प्रक्रिया दल (क्यूआरटी) की तैनाती की जा रही है।**

**बीएसईएस की दोनों कंपनियों को कितनी मिलेगी बिजली?**
बीएसईएस की दोनों कंपनियों को लंबी अवधि के समझौते से 28 सौ मेगावाट से अधिक बिजली मिलने के साथ ही लगभग 2100 मेगावाट अक्षय ऊर्जा और पावर बैंकिंग के माध्यम से 500 मेगावाट बिजली मिलेगी।

**पिछले वर्षों में अधिकतम मांग**
वर्ष 2023 में अधिकतम मांग 7438 मेगावाट
वर्ष 2022 में अधिकतम मांग 7695 मेगावाट
बिजली की मांग का पूवार्नुमान (मेगावाट में)
दिल्ली में स्थित कचरे से बिजली बनाने वाले संयंत्रों से 40 मेगावाट और उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर लगे रूफटाप सोलर पैनल से 197 मेगावाट बिजली उपलब्ध होगी। बीएसईएस प्रवक्ता कहना है

## रहस्यमय बनी आखिरी मुलाकात... कत्ल से पहले क्या-क्या हुआ?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीतमपुरा में हुए डबल मर्डर केस में कई बड़े खुलासे हुए हैं। मोहिंदर सिंह तलवार की बेटों की अंतिम मुलाकात रविवार दोपहर में ज्वालाहेड़ी मार्केट स्थित उनकी रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर हुई थी।
वह अपने चालक भैरव कुमार के साथ वहां आए थे और काफी खुश थे। यहां उन्होंने बेटों के साथ करीब तीन घंटे बिताए, जिसके बाद रानीबाग स्थित अपने भाई चरणजीत सिंह की कपड़े की दुकान पर पहुंचे थे। यहां करीब डेढ़ घंटे रहने के बाद अपने घर के लिए निकल गए थे।

**बेटी की हो चुकी है शादी**
बताया गया कि काम की व्यस्तता की वजह से सोमवार को बेटे माता-पिता से मिल नहीं सके और मंगलवार सुबह उनकी मौत की खबर आ गई। दंपती की एक बेटी है, जिनकी शादी हो चुकी है। परिवार में मातम का माहौल है।

**1991 में खोली थी कपड़े की दुकान**
दंपती के भतीजे अमन तलवार ने बताया कि वर्ष 1991 में ताऊ मोहिंदर सिंह तलवार ने पहली कपड़े की दुकान ज्वालाहेड़ी मार्केट में खोली। फिर रानी बाग और कमला नगर मार्केट में भी खोली। उम्र ज्यादा होने की वजह से करीब आठ वर्ष पूर्व इन दुकानों की जिम्मेदारी बेटों को दे दी। दुकान पर ताऊ पर भी जाते रहते थे।

## एसीबी के शिकंजे में फंसे सत्येंद्र जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना में करोड़ों का घोटाला करने के आरोप में दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली सरकार के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**सत्येंद्र जैन पर क्या है आरोप?**
70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने थे। परियोजना में देरी के कारण भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बीईएल) पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के जुमार्ने को सत्येंद्र जैन ने 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर मनमाने ढंग से पेनल्टी माफ किया था।

**बीईएल के अधिकारी की भूमिका की होगी जांच**
मनमोहन पांडेय की शिकायत पर सक्षम प्राधिकारी से अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने भ्रष्टाचार अधिनियम व आपराधिक साजिश रचने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम क धारा 17 ए के तहत मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजने के सतर्कता निदेशालय के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी ताकि एसीबी को जैन के खिलाफ केस दर्ज करने व जांच करने की मंजूरी मिल सके।

**सत्येंद्र जैन मंत्री पद से कब दिया था इस्तीफा?**
जैन को मई 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर है। फरवरी 2023 में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। एसीबी के संयुक्त आयुक्त मधुर कुमार वर्मा का कहना है कि अभी सात करोड़ रिश्वत लेकर 16 करोड़ की पेनल्टी माफ करने का आरोप है।
जांच में कई अन्य घोटाले का पता लग सकता है। 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी लगाने के लिए 571 करोड़ रुपये की परियोजना का लक्ष्य रखा गया है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. हामिद अली उर्फ आज़ाद पुत्र** जाने आलम, **निवासी** गाँव बकसेना, मोहल्ला होली चौक, पुलिस स्टेशनः हजरतपुर, जिला–बदायूं, यू.पी. **2. सद्दाम हुसैन पुत्र बब्बन अली, निवासी** ई–16 के, 479/413, टी–हट्स, न्यू सीलमपुर, दिल्ली ने **FIR. No. 220/24 दिनांक 06.11.2024 U/s 20/29 NDPS Act थानाः क्राइम ब्रान्च, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. हामिद अली उर्फ आज़ाद 2. सद्दाम हुसैन** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. हामिद अली उर्फ आज़ाद 2. सद्दाम हुसैन** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 220/24 दिनांक 06.11.2024 U/s 20/29 NDPS Act थानाः क्राइम ब्रान्च, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. हामिद अली उर्फ आज़ाद 2. सद्दाम हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार पुनीत पाहवा
एलडी. एएसजे (एसजे) एनडीपीएस
कमरा नं. 63, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3308/Crime/2025/
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित पुत्र सतीश** निवासी मंगल बाजार रोड शिव मंदिर, भाग्य विहार, मुबारकपुर, रोहिणी दिल्ली, ने **FIR. No. 280/20 U/s 379/411 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **बेगमपुर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंकित** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंकित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 280/20 U/s 379/411 IPC.,** थानाः **बेगमपुर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अंकित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वसुन्धरा छौंकर, ACJM,
NW कमरा नंबर 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2119/RD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुधीर राव, पुत्रः श्री पांडु रंग राव, पताः म. नं. 800, गली नं. 3, सी–ब्लॉक, संगम विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 285/2022, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना संगम विहार, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुधीर राव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुधीर राव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 285/2022, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना संगम विहार, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सुधीर राव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संकल्प कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
दक्षिण जिला, कमरा नं. 211
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2281/SD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मन्नी @ मनी राम, पुत्रः साहब सिंह, निवासीः मकान नंबर 74, तीसरी मंजिल, गली नंबर 18, मोती मस्जिद वाली गली, जगतपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 587/2022, U/s 382/411/34 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मन्नी @ मनी राम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मन्नी @ मनी राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **मन्नी @ मनी राम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/3347/SHD/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरिफ पुत्रः** शाबिर **पताः** आरजेडएच–142, निहाल विहार, नांगलोई, निलोठी पश्चिमी दिल्ली, ने **FIR No. 120/2019 U/s 354/506/509/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 120/2019 U/s 354/506/509/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आरिफ,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांशा गौतम
जेएमएफसी–04 कमरा नंबर 252
तीस हजारी, कोर्ट दिल्ली

DP/3413/OD/2025
(Court Matter)



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| **दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| **दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| **दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 08:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन स्टेशन |
| **दिनांक 24.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, एवं दानापुर स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| **दिनांक 25.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| **दिनांक 26.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| **दिनांक 27.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**
पर हमें फॉलो करें

# सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध: सीएम

## नालों में वर्षों से पड़ी पत्थर बनी गाद को हटाने का काम शुरू : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**ऊर्जा**

**एलजी-सीएम रेखा गुप्ता ने सुनहरी पुल नाले को ढकने के कार्य का निरीक्षण किया**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने लोधी रोड स्थित दयाल सिंह कॉलेज के पास दिल्ली परिवहन निगम बस डिपो के भीतर सुनहरी पुल नाले को ढकने के काम का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि नालों में वर्षों से पड़ी गाद जो पत्थर बन चुकी है, उसे मशीनों के माध्यम से निकाला जाए। यहां दमकल की मशीनें लगी हुई हैं। नालों की सफाई के लिए हर तरह की मशीने लगाई गई है। अलग-अलग एजेंसी को भी समाधान के लिए बुलाया गया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि नालों में वर्षों से जमा गाद को हटाने के लिए अत्याधुनिक मशीनों से परीक्षण किया जा रहा है और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभिन्न एजेंसियों को भी शामिल किया गया है। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए जलभराव से निपटने की तैयारियां जोरों पर हैं, ताकि दिल्लीवासियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। स्वच्छ, सुंदर और विकसित दिल्ली के संकल्प के साथ हमारा अभियान जारी है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि यह स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व नागरिक सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की प्राथमिकता है कि राष्ट्रीय राजधानी सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुरक्षित बने। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार मानसून से पहले नालों की सफाई को लेकर सक्रिय दिखाई दे रही है। इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री ने सुनहरी पुल, कुशक और बारापुला ड्रेन क्षेत्र का निरीक्षण कर जल निकासी सुधार, आधारभूत संरचना विकास और जल प्रबंधन योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया था। उसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान दिल्लीवासियों को सीवर जाम और जलभराव की परेशानियों से बचाने के लिए हमने अभी से मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने की वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार की घोषणा

**योगदान**

**पुरस्कार विधायकों को मर्यादा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और चर्चाओं में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उत्कृष्ट विधायी प्रदर्शन को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसके लिए मुख्य मानदंडों में संसदीय बहस में उत्कृष्ट योगदान, सदन में उपस्थिति रिकॉर्ड तथा सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखना शामिल है। इस अवसर पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट भी मौजूद थे। गुप्ता ने आगे कहा कि यह पुरस्कार विधायकों को संसदीय मर्यादा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और सार्थक विधायी चर्चाओं में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। यह दिल्ली विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोकतांत्रिक शासन में नए मानदंड स्थापित करेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों को स्मृति-चिह्न भी प्रदान किए। दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा किया गया, जिसमें नव-निर्वाचित विधायकों को महत्वपूर्ण संसदीय ज्ञान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में संवैधानिक प्रावधानों, कार्य संचालन नियमों, प्रश्नकाल प्रक्रियाओं, विधायी प्रस्तावों और नीति निर्माण रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा संचालित व्याख्यान, संवाद और इंटरैक्टिव सत्रों ने सुशासन और विधायी प्रक्रियाओं पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की। कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए गुप्ता ने विधानसभा की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रशिक्षण पहलों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन व्यापक प्रशिक्षण सत्रों से हमारे विधायकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# हंगामे के बीच एमसीडी ने 2025-26 के लिए 17 हजार करोड़ का बजट किया पास




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बुधवार को हंगामें के बीच 17 हजार करोड़ का बजट पास कर दिया। आज कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पार्षद हंगामें के दौरान टेबल पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। बजट सत्र के आखिरी दिन 2024-25 और अगले वित्तीय वर्ष, 2025-26 के लिए बजट को अंतिम रूप दिया जाना था। इस दौरान मेयर महेश कुमार ने आज सदन में 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया। इसी बीच भाजपा के पार्षद मेयर की सीट पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। वहीं दूसरी ओर आआपा पार्षदों ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बजट 2024-25 की राजस्व आय और व्यय को पारित किया गया, 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान और सरकारी योजनाओं से जुड़ी मांगों को पारित किया गया। इसी बीच कुछ पार्षदों ने हंगामें के दौरान एजेंडा पेपर फाड़े दिए और नारे लगाए। कांग्रेस पार्षदों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया, जिन पर लिखा था, ह्यसंविधान हमारी पहचान है, संविधान की हत्या करना बंद करो हंगामा कर रहे पार्षदों ने नेता सदन का माइक तक छीन लिया। पार्षदों ने मेयर का माइक उखाड़ दिया और उनके टेबल पर चढ़कर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान कई पार्षद भी लड़खड़ा कर गिर गए। सदन में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित भी करनी पड़ गई थी।

# कांग्रेस का झूठ सड़क से संसद तक पहुंचा: शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली। संसद में** कांग्रेस नेताओं द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के संबंध में भ्रामक बयान देने पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का झूठ अब सड़क से सदन तक पहुंच गया है। कांग्रेस के लिए अब झूठ ही ऑक्सीजन बन चुका है। लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर में भी वे आधे-अधूरे तथ्यों के साथ भ्रामक बयान देने से नहीं हिचकिचाते। अभी सदन में कांग्रेस के नेताओं ने मनरेगा को लेकर गलत दावे किए।

# तकनीकी ज्ञान: वाणी-2 योजना का हुआ शुभारंभ

**पोर्टल**

**सीताराम ने जानकारी देते हुए इसके लिए समर्पित एक ऑनलाइन पोर्टल की भी शुरूआत की।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान और अनुसंधान के कार्य को बढ़ावा देने के दूसरे अभियान की बुधवार को नई दिल्ली में घोषणा की गई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने वाणी (वाइब्रेंट एडवोकेसी फॉर एडवांसमेंट एंड नर्चरिंग ऑफ इंडियन लैंग्वेजेस) के दूसरे संस्करण की योजना जारी की। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने इस योजना की जानकारी देते हुए इसके लिए समर्पित एक ऑनलाइन पोर्टल की भी शुरूआत की। प्रो. सीताराम ने इस अवसर पर बताया कि एआईसीटीई-वाणी योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नवीनतम तकनीकी ज्ञान स्थानीय भाषाओं में भी सुलभ हो। इसके द्वारा भारत की क्षेत्रीय भाषाओं में आधुनिकतम तकनीकी और अनुसंधान के माध्यम से एक मजबूत ज्ञान का आधार विकसित करना है। इस वाणी योजना के अन्तर्गत क्षेत्रीय भाषाओं में शोध पत्रों के प्रकाशन को प्रोत्साहित करते हुए हमारी यह पहल शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देगी। उन्होंने वाणी के पहले संस्करण की सफलता को देखते हुए इस वर्ष 200 सम्मेलनों और कार्यशालाओं को 2-2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। इस क्षेत्रीय भाषाओं की संख्या भी 12 से बढ़कर 22 कर दी गई है। इसके साथ ही तकनीकी शिक्षा के जिन उभरते क्षेत्रों पर चर्चा की जानी है।

# डबल इंजन की सरकार आते ही विकास की गति तेज हुई : मनोज तिवारी

**विकास कार्य**

**ढाई करोड़ की लागत बनाने वाली तीन सड़कों का सांसद मनोज तिवारी ने शिलान्यास किया, पूर्व की केजरीवाल सरकार भेदभाव करती थी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आने से विकास की गति को तेजी मिली है। दिल्ली की भाजपा सरकार विकास कार्यों में आने वाली रुकावटों को दूर करने में भरोसा करती है।

विकास कार्यों को गति देते हुए मनोज तिवारी ने बुधवार को खजूरी खास की दो सड़कों एवं डॉ भीमराव आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का शिलान्यास किया। खजूरी खास की दो सड़कों का निर्माण ग्रामोदय अभियान के तहत लगभग एक करोड़ 12 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का निर्माण दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा लगभग सवा करोड़ की लागत से किया जाएगा। दोनों विकास कार्य चार महीने में पूर्ण किए जाएंगे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है और विकास की गति को तेजी मिली है। बेहतर समन्वय और पारदर्शी व्यवस्था से कई रुके काम शुरू कर दिए गए हैं और आज शिलान्यास के बाद बनने वाली इन सड़कों का बेहतर प्रमाण आपके सामने है। उन्होंने कहा कि लगभग ढाई करोड़ की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मनोज तिवारी ने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार भेदभाव और काम में रुकावट डालने की राजनीति करती थी जबकि भाजपा की सरकार विकास कार्यों में आने वाली रुकावटों को दूर करने में भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार राजनीतिक हित के लिए दिल्ली के जनहित की बलि चढ़ाती रही जबकि भाजपा सरकार जनहित की योजनाओं को अमल में लाकर रही है। उन्होंने कहा कि अब चाहे केंद्र सरकार की योजना हो या फिर दिल्ली सरकार के विकास कार्य की गति को धीमा नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर डीएम अजय कुमार, निगम उपायुक्त कर्नल विनोद अत्रे, आंबेडकर कालेज प्राचार्य सदानंद प्रसाद, निगम पार्षद मुकेश बंसल नीता बिष्ट सिमला देवी, जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी ग्रामोदय अभियान के सदस्य आनंद त्रिवेदी एवं प्रमोद झा के अलावा दिल्ली नगर निगम अधिशासी अभियंता ओपी ओझा कनिष्ठ अभियंता सुब्रमण्यम एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र तोमर मौजूद रहे।

# अमृत उद्यान में एमएसएमई का उद्यम उत्सव गुरुवार से

**एमएसएमई की भावनाओं को मनाने से जुड़ा एक उत्सव**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में उद्यम उत्सव का उद्घाटन करेंगी। यह उत्सव 20 से 30 मार्च तक सुबह 10 से शाम 8 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा आयोजित यह उद्यम उत्सव देशभर के एमएसएमई की भावनाओं को मनाने से जुड़ा एक उत्सव है। इसका उद्देश्य एमएसएमई को सशक्त तथा प्रोत्साहन देना है, ताकि देश की जीवंत विरासत को नागरिकों के करीब लाया जा सके। एमएसएमई के एक बयान के अनुसार, 20 मार्च को राष्ट्रपति मुर्मु मंत्रालय के अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन में इस उत्सव में शामिल होंगी।

**आज से**

**यह उत्सव 20 से 30 मार्च तक सुबह 10 से शाम 8 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा**

**इस आयोजन के मुख्य आकर्षण-**

सात मंडपों में विविध उत्पाद खंडों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें विरासत और हस्तशिल्प, जैविक और कृषि आधारित उत्पाद, हरित एमएसएमई प्रौद्योगिकियां, महिला उद्यमी, पीएम विश्वकर्मा और जनजातीय उद्यमी, खादी और ग्रामोद्योग (एपीआरटीआईएम) एवं एमएसएमई व्यवसाय सहायता मंडप शामिल हैं। लगभग 60 स्टॉल पर कारीगरों और उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन किया जाएगा।

# सांसद इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टला

**21 को फैसला**

**जज चंदर जीत सिंह ने नियमित जमानत याचिका पर 21 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने नियमित जमानत याचिका पर 21 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया। पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 मार्च को इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग खारिज कर दी था, जिसके बाद रशीद ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट में ये याचिका लंबित है। 10 मार्च को ही कोर्ट ने इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दो दिन के कस्टडी पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद ने हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका 24 फरवरी को वापस ले ली थी। हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितना जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करें। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले स्पष्टीकरण के बाद दिल्ली हाई कोर्ट की रजिस्ट्री ने बताया था कि पटियाला हाउस कोर्ट का स्पेशल एनआईए कोर्ट इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकता है। राशिद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी। इंजीनियर रशीद को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट उर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई।

एनआईए के मुताबिक हाफिज सईद ने हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं के साथ मिलकर हवाला और दूसरे चैनलों के जरिये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन का लेन-देन किया। इस धन का उपयोग वे घाटी में अशांति फैलाने, सुरक्षा बलों पर हमला करने, स्कूलों को जलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

# पिस्टल तान 48 सेकेंड में लूटा था रुपये से भरा बैग, दो गिरफ्तार

**काबू**

**कर्मचारी से हथियार के बल पर 80 लाख रुपये से भरा बैग लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के कूचा घासी राम में व्यापारी के कर्मचारी से हथियार के बल पर 80 लाख रुपये से भरा बैग लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से लूटी गई रकम, एक पिस्टल और तीन कारतूस भी बरामद किए गए हैं। आरोपितों की पहचान दरिया गंज निवासी मोहम्मद अली और समीर के रूप में हुई है। वारदात में मोहम्मद अली ने स्पॉटर और समीर ने लूट की घटना को अंजाम दिया। आरोपी का पहले से आपराधिक बैकग्राउंड है। बता दें कि मोहम्मद अली ने 2023 में स्पॉटर का ही काम किया था और दस लाख रुपये की लूट की थी। दोनों ने कई दिन तक रेकी की थी और पता था कि बैग में नकदी होगी, लेकिन इन्हें उम्मीद नहीं थी कि बैग में 80 लाख रुपये हो सकते हैं।

# 'रन फॉर राम' हॉफ मैराथन के लिए 40,000 से अधिक धावक तैयार

**तैयारी**

**राम के आदर्शों को अपनाते हुए अनुशासित, स्वस्थ और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ें**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रामनगरी अयोध्या एक बार फिर आस्था और फिटनेस के संगम की साक्षी बनेगी, जब 13 अप्रैल को क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित रन फॉर राम हॉफ मैराथन का तीसरा संस्करण संपन्न होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खेल प्रकोष्ठ क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित मैराथन, जिसे संकल्पना मैराथन नाम दिया गया है, केवल एक दौड़ नहीं बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित भक्ति और समुदायिक समर्पण का प्रतीक है। 2023 और 2024 में जबरदस्त सफलता प्राप्त करने के बाद, क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में इस वर्ष 40,000 से अधिक धावकों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। राम जन्मभूमि से प्रेरित इस मैराथन का आयोजन 14 कोसी परिक्रमा के महत्व को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जो शारीरिक सहनशक्ति, आध्यात्मिक समर्पण और सामूहिक एकता का प्रतीक है।

**तीन श्रेणियों में होगी दौड़**

**इस मैराथन में तीन प्रमुख श्रेणियां शामिल होंगी–**

1. 21 किलोमीटर हाफ मैराथन
2. 10 किलोमीटर दौड़
3. तीन किलोमीटर परिवार एवं आनंद दौड़

ये सभी दौड़ अयोध्या के पवित्र राम पथ और भक्ति पथ को समाहित करेंगी, जिससे प्रतिभागियों को धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का अनुभव भी मिलेगा। इस दौड़ में पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोग भाग ले सकेंगे। यह न केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा होगी, बल्कि श्रद्धा और परंपरा से जुड़ने का भी एक अवसर प्रदान करेगी।

**संकल्प, स्वास्थ्य और भक्ति का संगम**

क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने कहा, हरन फॉर राम अब केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है, जो पूरे देश से श्रद्धालुओं और फिटनेस प्रेमियों को एक साथ जोड़ता है। यह केवल शारीरिक दक्षता को परखने की दौड़ नहीं, बल्कि एक सामूहिक संकल्प (संकल्पना) है कि हम श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए अनुशासित, स्वस्थ और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ें। रामलला की पावन नगरी अयोध्या हम सभी को प्रेरित करती है।

# किसानों को मिलेगी 8000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

**स्पष्ट किया**

**किसान को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर मिल रहा फसली ऋण: सीएम सैनी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित में जितने निर्णय पिछले 10 वर्षों में वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा लिए गये हैं उतने पहले की सरकारों ने कभी नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब 8000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो पहले 7000 रुपये प्रति एकड़ थी। इतना ही नहीं, किसानों को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान इनेलो के विधायक श्री आदित्य देवीलाल द्वारा प्रदेश के किसानों पर फसली ऋण के बारे पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि हरको बैंक व अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को फसली ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाता है, परंतु यह ब्याज की राशि 4 प्रतिशत हरियाणा सरकार द्वारा तथा 3 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा किसान हित में निरंतर लिए जा रहे निर्णयों के फलस्वरूप पिछले 10 वर्षों में किसान की पैदावार में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सब्सिडी देकर टपकन व फव्वारा सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा, 10 वर्षों में पहली बार सिंचाई के लिए अंतिम टेल तक पानी पहुंचने काम वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उत्तराखंड की एक गन्ना मिल में हरियाणा के किसानों की बकाया राशि को जारी करने का अनुरोध किया है।

यह बकाया राशि करीब 34 करोड़ रुपए है। नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में कहा है कि विभिन्न किसान संगठनों के साथ बैठक करते हुए उनके संज्ञान में आया है कि उत्तराखंड की इकबालपुर चीनी मिल में हरियाणा के गन्ना किसानों का वर्ष 2017-18 का लगभग 34 करोड़ रुपया बकाया है।

## सभी सड़कों का किया जाएगा नवीनीकरण: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सड़कों की मरम्मत को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 6 महीने में प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी। प्रदेश सरकार द्वारा सभी सड़कों का नवीनीकरण कर आमजन को सुविधा देते हुए विकास को तीव्र गति देने का कार्य किया जाएगा।

## भूजल की खराब गुणवत्ता एक बेहद गंभीर विषय है: अर्जुन

**उठाए सवाल**

**अदित्य देवीलाल ने प्रश्नकाल के दौरान पीवीसी पाइप के इस्तेमाल पर आपत्ति भी दर्ज की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भूजल की गुणवत्ता बारे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर अर्जुन चौटाला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भूजल की खराब गुणवत्ता एक बेहद गंभीर विषय है और अदित्य देवीलाल ने प्रश्नकाल के दौरान पीवीसी पाइप के इस्तेमाल पर आपत्ति भी दर्ज की थी। अर्जुन ने कहा कि पानी की सप्लाई के लिए जो पीवीसी की पाइप लगाई जाती हैं वो सूर्य के ताप से गर्म होने पर माइक्रो प्लास्टिक पानी में छोड़ती है जिसके कारण गंभीर बीमारियां फैलती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार एक नीति लागू करे जिसमें पीवीसी पाइप की जगह पर यूपीवीसी पाइप का इस्तेमाल किया जाए। यूपीवीसी पाइप से फायदा यह है कि यह गर्म होने पर प्लास्टिक पानी में नहीं छोड़ती और पानी पूरी तरह से साफ रहता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश बड़ी तेजी से शहरीकरण की तरफ जा रहा है जिसके कारण बड़े बड़े सीवेज प्लांट की जरूरत पड़ती है। उन्होंने विदेशी प्रणाली का हवाला देते हुए कहा कि वहां सीवेज प्लांटों में जो पानी ट्रीट किया जाता है उसमें से मनुष्य के मल की खाद बनाकर इस्तेमाल की जाती है। ट्रीट किया हुआ पानी पीने के लायक न होने के कारण खेतों में इस्तेमाल किया जा सकता है। बुधवार को बजट सत्र के दौरान इनेलो पार्टी की तरफ से विधानसभा में विधायकों को लंच दिया गया। इस अवसर पर इनेलो के विधायकों के साथ राष्ट्रीय महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला भी मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

### नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए 1825.43 लाख रुपये की स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि सरकार ने नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए 1825.43 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान नारनौंद के विधायक श्री जस्सी पेटवाड़ द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। गंगवा ने बताया कि नारनौंद कस्बे के लिए 4.47 किलोमीटर लम्बाई का नया बाईपास बनाने का प्रस्ताव था, जिसे सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि नारनौंद में बाई-पास निर्माण के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि क्रय का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

### झज्जर : अगले वित्त वर्ष के लिए जमीन के कलेक्टर रेट तय करने की प्रक्रिया शुरू

**झज्जर।** जिला में वर्ष 2025-26 के लिए जमीन के कलेक्टर रेट निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आमजन से सुझाव और आपत्तियों आमंत्रित की गई हैं। मुख्य रजिस्ट्रेशन शाखा द्वारा सुझाव और आपत्तियां 26 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। घर बनाने के लिए जमीन खरीदने के इच्छुक लोगों और जमीन का व्यवसाय करने वाले लोगों ने जमीन के संभावित कलेक्टर रेट को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। जिला कलेक्टर एवं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी, मातनहेल, बादली और साल्हावास के संयुक्त सब रजिस्ट्रार से प्राप्त वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट आमजन के सुझाव/ऐतराज के लिए जिला झज्जर की अधिकारिक वेबसाइट (३३२/.7/1.ल्लू.ल्ल) पर अपलोड कर दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति सुझाव या आपत्ति दर्ज कराना चाहता है, तो वह आगामी 26 मार्च तक लघु सचिवालय झज्जर स्थित प्रथम तल पर मुख्य रजिस्ट्रेशन शाखा के कमरा नंबर 111 में दर्ज करवा सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तारीख के बाद किसी भी सुझाव या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। जिला रजिस्ट्रार ने आमजन से अपील की कि वे कलेक्टर रेट निर्धारण को लेकर कोई सुझाव या आपत्ति दर्ज करवाना चाहते हैं तो अवश्य दर्ज करवाएं। प्राप्त सुझाव एवं एतराज की सुनवाई उपरांत एक अप्रैल 2025 से लागू हो जाएंगे।

### हरियाणा विधानसभा में बनेंगी युवा मामलों व पर्यावरण की समितियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा में बुधवार को एक संसदीय सुधार ने दस्तक दी। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सामाजिक सुधारों में विधायिका की सहभागिता बढ़ाते हुए दो नई समितियों के गठन की घोषणा की। इसके लिए जल्द संसदीय कार्य मंत्री की ओर से प्रस्ताव लाया जाएगा। बुधवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही के बाद विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका दो प्लेटफार्म सदन और समितियों के माध्यम से कार्य करती है। सदन के पास समय कम होता है, इसलिए विधानमंडल अपने अधिकतर कार्य अपनी समितियों के माध्यम से वर्षभर करते हैं। कल्याण ने कहा कि उन्होंने अनेक राज्यों की विधायिकाओं का दौरा किया है और कुछ का अध्ययन भी किया है। उन्होंने पाया है कि बहुत सी विधायिकाओं में हरियाणा की विधायिका से अधिक समितियां हैं। उन्होंने कहा कि समितियां जनहित के कार्य साधने का प्रभावशाली प्लेटफार्म है। इसलिए उन्होंने गहन अध्ययन के बाद महसूस किया कि हरियाणा विधान सभा में संसदीय सुधार की दरकार है। दूसरा, गत 18 मार्च 2025 को सदन में नशे का विषय उठा था। इस मसले पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत अनेक सदस्यों ने गंभीरता दिखाई है। विस अध्यक्ष ने कहा कि नशा युवाओं पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। इसलिए इस समस्या के निदान के लिए विधान सभा की कमेटी बनाए जाने की जरूरत है। इस समिति का नाम ह्ययुवा कल्याण व युवा मामलों सम्बन्धी समितिह्व होगा। इसके साथ ही उन्होंने ह्यप्रदूषण तथा पर्यावरण सम्बन्धी समितिह्व का भी सुझाव दिया। कल्याण ने कहा कि ये दोनों समितियां पर्यावरण और नशे जैसी गंभीर चुनौतियों पर सरकार को सुझाव देंगी। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रथाओं व कार्य प्रणाली के अनुसार नियम समिति के अतिरिक्त इन समितियों का गठन सदन में एक प्रस्ताव लाकर किया जा सकता है। विस अध्यक्ष द्वारा सदन से की गई इस अपील के बाद संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने दो नई समितियों को बनाने के लिए एक सरकार की ओर से प्रस्ताव लाने का आश्वासन दिया।

## फार्मासिस्ट के सेवा नियमों में किया जा रहा बदलाव: आरती

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि फार्मासिस्ट के सेवा नियमों में बदलाव किया जा रहा है, इसके बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से फार्मासिस्टों के खाली पदों को भरा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा में सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि फार्मासिस्ट के सेवा नियमों में बदलाव की प्रक्रिया जारी है इसके बाद ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भर्ती के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मासिस्ट के खाली पदों को भरे जाने के प्रश्न में बताया कि पीएचसी बाढ़डा, कादमा, बलकरा, माईकलां में फार्मासिस्ट पद पहले से ही भरे हुए हैं। बाकी की पीएचसी में फार्मासिस्ट की भर्ती प्रकिया के बाद खाली पदों को भर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे यह भी जानकारी दी कि बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों गोपी और झोझू कलां तथा 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों कादमा, हड़ौदी, माईकलां, बलकरा, सन्तोखपुरा और बाढ़डा के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।

## फैसले के सम्बन्ध में महाविधवक्ता की राय लेगी सरकार

**साफ किया**

**कर्मचारी चयन आयोग मामले की जांच किसी स्पेशलाइज्ड एजेंसी से करवा सकता है तो प्रदेश सरकार तैयार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों की भर्ती को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के सम्बन्ध में महाधिवक्ता की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के निर्णय की अनुपालना में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग मामले की जांच किसी स्पैशलाइज्ड एजेंसी से करवा सकता है तो सरकार उन्हें तुरंत सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में इस भर्ती प्रक्रिया पर उठाए गए मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2011 में एक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाए कि वर्ष 2008 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू करके जो रिजल्ट निकाला था उस प्रक्रिया में कई धांधलियां हुई। लिखित परीक्षा में अव्वल आने के बावजूद इंटरव्यू में कम नंबर दिए गए। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि दो चयनित उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा स्वयं नहीं दी थी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यदि इस निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो अपील करना उसका कानूनी अधिकार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि न्यायालय ने याचिकाकर्ता के सारे आरोपों की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रतिरूपण के इस आरोप पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कहा कि लिखित परीक्षा की अटेंडेंस शीट अब उपलब्ध नहीं है। जांच के लिए दोनों चयनित उम्मीदवारों की हैंडराइटिंग का सैंपल लेकर उत्तर पुस्तिका में दर्ज लिखाई का फॉरेंसिक मिलान किसी स्पेशलाइज्ड एजेंसी द्वारा किया जाना चाहिए।

## मंत्री अनिल विज ने सुनीता विलियम्स की सकुशल वापसी पर खुशी जताई



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने प्रख्यात अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सफल अंतरिक्ष यात्रा के बाद उनकी सुरक्षित वापसी पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में यह सुझाव रखा कि यह सदन उनकी सकुशल वापसी पर हर्ष व्यक्त करे और इस भावना को औपचारिक रूप से सुनीता विलियम्स तक पहुंचाया जाए। श्री विज ने यह भी उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, और वे अपने प्रत्येक अंतरिक्ष मिशन में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सम्मान करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स जब भी अंतरिक्ष यात्रा पर जाती हैं, तो वे अपने साथ श्रीमद्भगवद्गीता साथ लेकर जाती हैं। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और वैज्ञानिक उपलब्धियों का अनूठा समन्वय दर्शाता है। मंत्री महोदय ने उन वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की, जिन्होंने इस अंतरिक्ष अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि सुनीता विलियम्स और उनकी पूरी टीम को सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां भेजी जाएंगी। ... अवगत कराया जाएगा।

## सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करेंगे: राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 561 डॉक्टरों का चयन किया था, उनको जल्द ही नियुक्ति देकर सर्वप्रथम राज्य के सभी सिविल अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, इन सभी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की कमी को पूरा किया जाएगा ताकि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती एवं सुलभ तरीके से मिल सकें।

## बेरी में चैत्र नवरात्र मेला 30 से, श्रद्धालुओं को बिना बाधा होंगे देवी के दर्शन

**बैठक**

**श्रद्धालुओं का अनुमान लगाते हुए मेला परिसर में सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को लेकर गंभीरता से कार्य करें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** डीसी ने कहा कि बेरी मेला में षष्टि, सप्तमी और अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में मेला के पिछले अनुभवों के आधार पर श्रद्धालुओं का अनुमान लगाते हुए मेला परिसर में सुरक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीरता से कार्य करें। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे जरूरत अनुरूप लगाना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मेला में ड्यूटी करने का जिम्मा सौभाग्य की बात है, ऐसे में सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को केवल सरकारी ना मानकर सेवा भाव से निर्वहन करें। उन्होंने मेला परिसर में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के पहचान पत्र, पार्किंग, सुरक्षा, पीने के पानी, रात्रि के समय रोशनी के इंतजाम, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, माइक सर्विस, अग्निशमन सेवाएं आदि इंतजामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। मेला के दौरान तहबाजारी, मुण्डन के लिए शुल्क निर्धारण आओर अत्यधिक भीड़ वाले दिनों की पहचान करने को कहा उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था करते समय यह ध्यान रखा जाए कि धर्मनगरी बेरी के मेले में पहुंचने वाले किसी भी श्रद्धालु माता के दर्शन करने व आवागमन में कोई भी परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेला के दौरान लगने वाले भंडारों में डस्टबिन अनिवार्य होना चाहिए, बगैर डस्टबिन के चालान किया जाना सुनिश्चित होगा। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। जिसके चलते स्टील बर्तन का उपयोग किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर में नवरात्र से ही मेडिकल यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ श्रद्धालुओं के जरूरत अनुसार टोकन सुविधा बढ़ाई जाए।

**बेरी मेला की तैयारियों को लेकर डीसी ने दिए यह निर्देश**

1. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित पार्किंग बनाई जाए।
2. मेले की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

## मेगा सब्जी एक्सपो घरौंडा में जिले के हर खंड से जाएंगी बसें

**एक्सपो**

**भ्रमण पर जाने के इच्छुक किसान संबंधित उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क करके: जिला उद्यान अधिकारी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:** सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा करनाल में आयोजित 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में महेंद्रगढ़ जिला के हर खंड से बसें जाएंगी। जिला उद्यान अधिकारी प्रेम कुमार यादव ने बताया कि भ्रमण पर जाने के इच्छुक किसान संबंधित उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क करके अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। सरकार का मकसद है कि किसान उन्नत खेती करके अपनी आर्थिक स्थिति को और अधिक मजबूत करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर बागवानी विभाग की ओर से सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा करनाल में 21 से 23 मार्च तक 11वां मेगा सब्जी एक्सपो-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बागवानी गतिविधियां, सेमिनार, बागवानी मशीनीकरण, स्टाल बागवानी प्रसंस्करण पुरस्कार, मधुमक्खी पालन पुरस्कार, सब्जी, संरक्षित खेती, जैविक/प्राकृतिक खेती, मशरूम खेती, किसान उत्पादक संगठन, आलू की खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को खंड अटेली, 22 मार्च को खंड महेंद्रगढ़ व सतनाली, 23 मार्च को खंड नारनौल, सिहमा, कनीना, नांगल चौधरी व निजामपुर खंड से बसें जाएंगी। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को जाने वाली बसों के लिए अटेली खंड के लिए उद्यान विकास अधिकारी राहुल के मोबाइल नंबर 9518121395 पर फोन कर बस रूट के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। महेंद्रगढ़ व सतनाली खंड के लिए उद्यान विकास अधिकारी और राधेश्याम के मोबाइल नंबर 9660959092 पर फोन कर बस रूट के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि नारनौल व सिहमा खंड के लिए, जिला बागवानी सलाहकार देवेंद्र के मोबाइल नंबर 8947817833 पर, कनीना खंड के लिए उद्यान विकास अधिकारी राहुल के मोबाइल नंबर 9518121395 तथा नांगल चौधरी व निजामपुर खंड के लिए उद्यान विकास अधिकारी अनीता के मोबाइल नंबर 8840827582 पर फोन कर बस रूट के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

## गांवों में नहर पर आधारित पेयजल आपूर्ति की जा रही: रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/शिव कुमार शर्मा**
हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे के अनुसार हर घर में नल और हर नल में स्वच्छ जल के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। रणबीर गंगवा आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान कलायत के विधायक विकास सहारण द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि शिमला, ढुंढवा, लाम्बा खेड़ी, खरक पांडवा, रामगढ़, कोलेखां, मटोर गांवों में नहर पर आधारित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गांव मटोर की पेयजल आपूर्ति नहर पर आधारित है और गांव की वर्तमान जनसंख्या 10968 व्यक्ति है तथा जलापूर्ति की स्थिति 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। श्री गंगवा ने बताया कि इन जल घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बरवाला लिंक नहर से 2036.02 लाख रुपए की लागत से कार्य प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत अब तक 980.69 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मटोर, बड़सीकरी कलां, बड़सीकरी खुर्द, खेड़ी शेरखान, बालू, कमालपुर चौसाला, बाता और कैलरम गांवों को कवर करने के लिए मेन लाइन बिछाने के लिए प्राकलन प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि कलायत निर्वाचन क्षेत्र में राजौंद और कलायत दो कस्बे हैं और दोनों कस्बों को नहर आधारित जलघरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है तथा 62 गांवों में से 43 में नहर आधारित जलघरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 89 कार्य प्रगति पर हैं।

## अनुसंधान में दक्षता से जीवन में सफलता हासिल करें विद्यार्थी: राज्यपाल

**उपाधियां**

**महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में 527 युवाओं को प्रदान की उपाधियां**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल व महर्षि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में तकनीक, आविष्कार व अनुसंधान में दक्षता प्राप्त कर सफलता हासिल करें। उन्होंने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत में लगभग सभी भाषाओं का मूल संस्कृत भाषा में है। यह हर्ष का विषय है कि अब संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है। राज्यपाल बुधवार को आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित महर्षि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के प्रथम दीक्षांत समारोह में 527 स्नातकों व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को दिए अपने संदेश में कहा कि संस्कृत भाषा ज्ञान का भंडार है। जो देश के लिए बहुत उपयोगी है। युवा आज केवल नौकरी के पीछे न भागें बल्कि संकल्प लें कि वे नौकरी देने वाले बनेंगे। स्वयं का उदाहरण देते हुए महामहिम ने कहा कि वे सामान्य घर से आते हैं, लेकिन उनकी माता के अधिक से अधिक पढ़ाई करवाने के संकल्प की बदौलत वे आज राज्यपाल के पद पर हैं। जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें भी जितना अधिक गुणवत्तापूर्वक उच्च शिक्षा होगी, देश उतना ही तरक्की करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पहली बार नई शिक्षा नीति में हिंदी व मातृ भाषा में कोर्स सीखने की शुरूआत की गई है। विद्यार्थी हिंदी व मातृ भाषा में भी सारे कोर्स कर सकेंगे, ऐसा दिन जल्द आने वाला है। इससे जो गरीब बच्चे अंग्रेजी नहीं पढ़ पाते, वे बच्चे भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे। हरियाणा सरकार ने भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के फैसले अनुसार शिक्षा के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में रिसर्च जितना अधिक होगा, शिक्षा उतनी ही अधिक महत्वपूर्ण होगी। संस्कृत का स्थान भी आगे बढ़ना चाहिए। संस्कृत जितना आगे बढ़ेगी, देश उतना ही आगे बढ़ेगा। युवा अपनी भाषा में पढ़ने व बात करने में हीन भावना न लाएं बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। विकसित भारत के लिए भारत के सांस्कृतिक ज्ञान को विश्व में ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में हमेशा ऊँचा लक्ष्य रखें। उन्हें हासिल करने में अनेक चुनौतियां सामने आएंगी, लेकिन इनसे घबराने की बजाए दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

# राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति को रद्द नहीं किया गया तो होगा आंदोलन: मान

## कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर भाकियू आज करेगी महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के मसौदे को रद्द करवाने का मामला दिन-प्रतिदिन तूल पकडने.लगा है। इसको रद्द करवाने की मांग को लेकर प्रदेश के किसानों ने एकजुट होना शुरू कर दिया है। सयुंक्त किसान मोर्चा हरियाणा (एसकेएम) की ओर से इस मसौदे को केंद्र सरकार को वापिस लौटाने की मांग अब प्रदेशभर में जोर पकडने.लगी है। इस बीच गत दिवस पंजाब विधानसभा में इस मसौदे को रद्द करके केंद्र सरकार को वापिस लौटाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। पंजाब सरकार के इस फैसले के आने के बाद हरियाणा के किसानों के हौसले और बुलंद होने लगे हैं। किसानों द्वारा लगातार की जा रही इस मांग को और बल मिलने लगा है। जाहिर है कि हरियाणा में किए जा रहा किसान आंदोलन आगे चलकर जौर पकड़ेगा। नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के विरोध में किसान नेताओं द्वारा प्रदेशभर में लगातार किसानों से संर्पक साध कर अपनी आवाज को तेज किया जा रहा है। इसको लेकर 20 मार्च को एसकेएम द्वारा पीपली स्थित सीएम आवास पर प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत करने का निर्णय लिया जा चुका है, जिसकी अंतिम तैयारियों को लेकर बुधवार को करनाल के अर्जुन नगर स्थित सर छोटू राम किसान भवन में भाकियू चेयरमैन साहब सिंह बाजवा की अगुवाई में आयोजन किया गया।



इस दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करके अपनी आवाज को बुलंद किया। एसकेएम हरियाणा के नेता एंव भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने सीएम आवास पर की जाने वाली प्रस्तावित किसान महापंचायत को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों ने महापंचायत में अनुशासन में रहकर शामिल होना है। सभी ने 20 मार्च को सुबह 11 बजे पिपली स्थित चौधरी देवीलाल पार्क में पहुंचकर किसान महापंचायत का आयोजन करने के उपरांत कर सीएम आवास की ओर कूच करना है।

**चेतावनी**

**हरियाणा के किसानों के हौसले और बुलंद होने लगे हैं। इस मांग को और बल मिलने लगा है**

# राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का शिविर तीसरे दिन भी रहा जारी

**भागीदारी**

**अंबानी एवं रतन टाटा जैसी आर्थिक जगत की महान हस्तियों की सफलता की कहानियां साझा की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन विविध गतिविधियों से परिपूर्ण रहा। स्वयंसेवकों ने प्रातःकालीन सत्र में श्रमदान कर सामाजिक भागीदारी निभाई। इसके पश्चात महाविद्यालय के उपाधीक्षक अनिल कुमार कानोड़िया ने स्वयंसेवकों को प्रेरणादायक संदेश दिए। वहीं, डॉ. पविता यादव ने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक रिकॉर्ड सुदृढ़ करने की सलाह दी और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गोशाला प्रधान रविंद्र तिवारी के नेतृत्व में गोशाला का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रजातियों की गायों, उनके चारे एवं देखभाल की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। दोपहर के सत्र में समाजसेवी सुधीर दीवान को आमंत्रित किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राजकीय महाविद्यालय, मोदा आश्रम मंदिर एवं दोहान नदी के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया।

इस दौरान सभी स्वयंसेवकों को टी-शर्ट, टोपी एवं बैज वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रो. सोमवीर सिवाच ने सुधीर दीवान एवं अनिल कुमार कानोड़िया का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए एलन मस्क, मार्क जुकरबर्ग, अडानी, अंबानी एवं रतन टाटा जैसी आर्थिक जगत की महान हस्तियों की सफलता की कहानियां साझा की। साथ ही, फोगाट बहनों सहित अन्य कुश्ती एवं बॉक्सिंग खिलाड़ियों के संघर्ष एवं उपलब्धियों का उल्लेख कर विद्यार्थियों को लक्ष्य साधने के लिए प्रेरित किया।

# गांव कैमला में लंगड़े बाबा मंदिर में हुई चोरी




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के घरौंडा क्षेत्र के कैमला गांव स्थित सिद्ध श्री लंगड़े बाबा मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से लगभग 40 से 50 हजार रुपए की चढ़ाई गई मालाएं और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना 14 मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे की बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी और ग्रामवासियों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गांव के पुजारी बाबा विक्रम गिरी और सरपंच सतपाल सिंह ने थाना घरौंडा में शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि मंदिर में चढ़ाई गई करीब 11 हजार रुपए की एक माला और डॉलर की मालाएं जिनकी कीमत 40 से 50 हजार रुपए के बीच थी, चोरी हो गईं। इसके अलावा अन्य सामान भी गायब मिला। गांववासियों ने चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि उनके पास इस चोरी की कुछ सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं, जिसे पुलिस को सौंपा गया है।

थाना घरौंडा पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने कहा कि मंदिर की चोरी को लेकर हर पहलू से जांच की जा रही है।

**मुकदमा दर्ज**

**अज्ञात चोर मंदिर से लगभग 40 से 50 हजार रुपए की चढ़ाई गई मालाएं और अन्य सामान लेकर फरार हुए**

# योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**अभ्यास**

**साथ ही विद्यार्थियों को नियमित योग और ध्यान का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में योग के माध्यम से पुनरुत्थान और तनाव प्रबंधन पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. राजीव चौधरी ने छात्रों और



उपस्थित जनों को तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार योग के माध्यम से हम अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

उन्होंने अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति की शारीरिक लक्षणों की पहचान करने के तरीके भी साझा किए और यह भी समझाया कि नियमित योग अभ्यास से कैसे मानसिक शांति और आत्म-नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यशाला में कुलपति अशोक कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए इस प्रकार की कार्यशालाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में तनाव प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है और योग इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। कुलपति अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया और डॉ. राजीव चौधरी के बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया। और साथ ही विद्यार्थियों को नियमित योग और ध्यान का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान हरियाणा विश्वविद्यालय के पहले प्रोफेसर योगेश चंद्र ठाकुर, डॉ. विवेक कुमार सिंह (डी.एस.डब्लू), डॉ. ज्योति सोलंकी (डीन एकेडेमिक्स), एवं अन्य शैक्षिणक संकाय मौजूद रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** बिजली ट्रांसफार्मर का स्विच ऑफ करने गए युवक की करंट लगने से मौत। सतनाली पुलिस ने पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर, शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव मांडोला निवासी अजीत ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि। हम दो भाई हैं जो जमीदारें का काम करते हैं। हमने कृषि वास्ते रेशमा पत्नी अजीत जिला गुरुग्राम का खेत बटाई पर ले रखा है। बुधवार को सुबह लगभग साढ़े 9 बजे वह और उसके भाई का लड़का ललित लगभग (21) वह अविवाहित था। कुएं की मोटर ठीक करवाने खेत में गए थे। जब मोटर का कार्य करवाने के लिए जैसे ही ललित ट्रांसफार्मर का स्विच काटा तो स्विच में बिजली करंट चालू था। जिस कारण करंट लगने से यह हादसा हो गया। यह घटना ट्रांसफार्मर के बिजली का करंट लगने से हुआ है। ललित को नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में लेकर आए वहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद ललित को मृत घोषित कर दिया।

**हादसा**

**गांव मांडोला निवासी अजीत ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि। हम दो भाई हैं जो जमीदारें का काम करते हैं**

# दो युवकों ने पुलिस कर्मचारी के पेट में चाकू घोंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के राजीवपुरम क्षेत्र की बैंक कॉलोनी में मंगलवार रात दो युवकों ने पुलिस कर्मचारी के पेट में चाकू घोंप दिया।

पुलिसकर्मी ने युवकों को गली में बाइक से आवारागर्दी करने से रोका था, जिससे गुस्साए युवकों ने पेट में चाकू घोंप दिया। घायल पुलिसकर्मी को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

वारदात के बाद दोनों आरोपी अपनी बाइक छोडकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना बैंक कॉलोनी में रहने वाले पुलिस कर्मचारी राजेश कुमार के घर के सामने हुई। राजेश यमुनानगर पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात हैं। उनके छोटे भाई ने बताया कि रात के समय गली में दो युवक बार-बार बाइक घुमा रहे थे और तेज आवाज में शोर मचा रहे थे।



राजेश ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो युवक तैश में आ गए। दोनों ने बहस शुरू कर दी और फिर अचानक चाकू निकालकर राजेश के पेट में घोंप दिया।

कालोनी निवासी दिनेश कुमार व अन्य ने बताया कि घायल हालत में भी राजेश ने युवकों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे बाइक छोडकर भाग निकले। परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक एसपी कॉलोनी के बताए जा रहे हैं।

# 'सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर में लाए कमी, लोगों को दें बेहतरीन सड़क सुविधाएं'

**हिदायत दी**

**हाइवे के निर्माण की देरी के चलते नाराजगी जताते हुए कहा कि इसे तुरंत पूरा करवाएं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** जिला सडक सुरक्षा समिति के चेयरमैन एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सड़ दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लोगों को बेहतरीन सडक सुविधाएं मुहैया करवाएं ताकि दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि जिला में सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कमेटी के अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सडको पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उसके कारणों का पता लगाकर वहां जरूरी प्रबंध करें ताकि भविष्य में और दुर्घटनाएं न हो सके।

उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के लिए सख्ती बरती जाए और सडक नियमों को तोडने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही करते हुए उनके चालान करें। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा कमेटी की बैठक में आए मुद्दों को गंभीरता ने लेते हुए अधिकारी इन मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला में सभी सडक एजेंसी अपनी टूटी सडकों की मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को सडक पर आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि जब भी कोई कांट्रैक्टर सडक निर्माण का कार्य करता है तो वह सडक के उतने ही हिस्से की सक्रेपिंग करें जितने हिस्से को वह एक सप्ताह में निर्माण करवा सकता है।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वह बिजली के खंभे सडक के कोने पर ही लगाएं अगर कहीं भी खंभा सडक के ज्यादा अंदर लगा मिला तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने बैठक में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि महलाना रोड़ में बनाए गए डंपिंग स्टेशन को मौजूद जगह से उठाकर सामने पड़ी एचएसवीपी की जमीन में बनवाएं ताकि वहां लोडिंग के समय ट्रक आराम से खडे हो सके। उन्होंने कहा कि केएमपी पर कई जगह सडक टूट गई है उसे तुरंत ठीक करवाएं ताकि वहां कोई सडक हादसा न हो।

बैठक के दौरान उन्होंने गोहाना-सोनीपत नेशनल हाइवे के निर्माण की देरी के चलते नाराजगी जताते हुए कहा कि इसे तुरंत पूरा करवाएं अन्यथा संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने मीटिंग लेकर दिए दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन )**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिह ने बुधवार को सीआईए टू स्टाफ का औपचारिक निरीक्षण किया। उन्होंने फाइलों का अवलोकन कर अपराधियों को पकड़ने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जाना। इस दौरान सीआईए प्रभारी व अनुसंधानकताओं की बैठक लेकर अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने व अपराध पर अंकुश लगाने में सीआईए की अहम भूमिका होती है। सीआईए क्षेत्र में एक्टिव रहेगी तो अपराधी वारदात को अंजाम देना तो दूर ऐसा करने के बारे में सोच भी नहीं सकता।



इस दौरान उन्होने सख्त निर्देश दिए की सभी जिम्मेदारी व ईमानदारी से कार्य करते हुए अपराध नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास करें। वारदातों को सुलझाने के लिए अपने सभी सोर्स ओर अधिक सक्रिय करें। कोई भी गंभीर अपराध होने की सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। फरार वांछित व अतिवांछित अपराधियों का काबू करें। शराब व अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने सीआईए प्रभारी व उनकी टीम को निर्देश दिए की गैंगस्टर व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर और अधिक सक्रिय नजर रखें। जरूरत पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिले में अपराध व अपराधियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए आदतन अपराधियों की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे। लापरवाही को किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा।

**मीटिंग**

**फाइलों का अवलोकन कर अपराधियों को पकड़ने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जाना**

# जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष हुए नतमस्तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने दयालपुरा गेट स्थित खेड़ा मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के समक्ष नतमस्तक होकर माथा टेका। उन्होंने भगवान हनुमान जी का धन्यवाद करते हुए लोगों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कोई भी शुभ काम की शुरूआत से पूर्व प्रभु का आशीर्वाद अति आवश्यक है। यह पंचमुखी हनुमान जी का प्राचीन मंदिर जो सालों से लोगों की श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, यहां पर आने वाले हर श्रद्धालुओं की मनोकामना




अवश्य पूरी होती है। उन्होंने प्रभु हनुमान जी की महिमा की व्याख्या करते हुए कहा कि हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है और भय, चिंता एवं अनिश्चितता समाप्त हो जाती है। हनुमान जी की कृपा से परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान जी को कलियुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। प्रवीण लाठर ने कहा कि मंगलवार के दिन ही हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन उनकी पूजा जरूर करनी चाहिए।

# हनी ट्रैप में दो महिलाएं गिरफ्तार, बहाने से बुजुर्ग को घर बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बुजुर्ग कपड़ा दुकानदार को हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिलाओं ने उसे नौकरी के बहाने घर बुलाकर नशीला पदार्थ खिलाया। फिर अश्लील वीडियो बनाकर 5 लाख रुपए की मांग की। सौदा 1.5 लाख में तय हुआ और 30 हजार रुपए वसूले गए।

बुजुर्ग ने 3 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद 4 फरवरी को तीन महिलाओं को 50 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया गया। इनको दो दिन के रिमांड के बाद जेल भेज दिया था। अब इस मामले में दो और महिलाएं गिरफ्तार की गई, जिनसे 60 हजार और मोबाइल बरामद



हुआ। इन महिलाओं को भी कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है।

करनाल के सरार्फा बाजार में साड़ी की दुकान चलाने वाले 72 वर्षीय बुजुर्ग को 5-6 महिलाओं ने मिलकर अपने जाल में फंसाया। इस पूरे षड्यंत्र की शुरूआत रजनी नाम की महिला से हुई, जो बुजुर्ग को पहले से जानती थी और अक्सर उसकी दुकान से कपड़े खरीदती थी। जनवरी के अंतिम सप्ताह में रजनी ने बुजुर्ग से कहा कि उसकी एक जानकार की बेटी को नौकरी की जरूरत है और वह उसे उनकी दुकान पर काम पर लगवा दे।

बुजुर्ग ने जरूरत न होने की बात कहकर मना कर दिया, लेकिन महिला बार-बार दबाव बनाती रही। बुजुर्ग ने आखिर में यह कह दिया कि लडकी को दुकान पर भेज दो, अगर काम सही लगा तो देख लेंगे। इस पर महिला ने बहाना बनाया कि लडकी के पास आने के लिए किराया नहीं है और बुजुर्ग को खुद सेक्टर-4 स्थित घर पर बुला लिया। 1 फरवरी को जब बुजुर्ग महिला के बताए पते पर पहुंचा तो उसे एक कमरे में बैठाया गया और पानी पिलाया गया। पानी में पहले से ही नशीला पदार्थ मिलाया गया था, जिससे बुजुर्ग बेहोश हो गया। इसके बाद महिलाओं ने उसके कपड़े उतारकर एक महिला को उसके पास बैठा दिया और अश्लील वीडियो बना ली। होश में आने के बाद बुजुर्ग को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी गई। महिलाओं ने मामले को रफा-दफा करने के लिए 5 लाख रुपए की मांग रखी। लेकिन बाद में यह सौदा 1.5 लाख रुपए में तय हुआ।

**काबू किया**

**अश्लील वीडियो बनाकर 5 लाख रुपए की मांग की। सौदा 1.5 लाख में तय हुआ और 30 हजार रुपए वसूले**

# संपादकीय

## ज्ञान और शिक्षा से देश का विकास

**इतिहास का** पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है' दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है।

# गोंडी विद्यालय बंद: आदिवासी संस्कृति के अस्तित्व को खतरा

-प्रियंका सौरभ

> लगभग 25, 000 लोगों द्वारा बोली जाने वाली संस्कृत को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है, लगभग 2.9 मिलियन बोलने वालों वाली गोंडी को शामिल नहीं किया गया है, जो व्यवस्थित बहिष्कार के पैटर्न को दर्शाता है। आदिवासी क्षेत्रों में स्वायत्त शासन और सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता है, जिसमें शिक्षा और भाषा नीतियों के प्रबंधन का अधिकार भी शामिल है। हालाँकि पूर्वोत्तर में स्वायत्त ज़िला परिषदें आदिवासी भाषाओं का समर्थन करती हैं, लेकिन मध्य भारत में समान सुरक्षा का अभाव है। 1996 का "पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम" आदिवासी स्वशासन के महत्त्व को स्वीकार करता है, ग्राम सभाओं को सांस्कृतिक और शैक्षिक मुद्दों के बारे में निर्णय लेने का अधिकार देता है, जिससे संवैधानिक सुरक्षा मजबूत होती है

**महाराष्ट्र में** गोंडी-माध्यम विद्यालय का बंद होना आदिवासी समुदाय की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत के लिए एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेतहै। मध्य भारत में 2 मिलियन से अधिक व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली गोंडी, गोंड जनजाति की पहचान के लिए आवश्यक है। गोंडी-माध्यम शिक्षा में कमी से न केवल भाषा के संरक्षण को खतरा है, बल्कि समुदाय की सांस्कृतिक निरंतरता और आत्मनिर्णय को भी खतरा है। दुनिया भर के आदिवासी समुदायों में समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक विरासत है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। ये भाषाएँ, परंपराएँ और ज्ञान प्रणालियाँ अलग-अलग दृष्टिकोणों को दर्शाती हैं और मानव सभ्यता की विविधता को बढ़ाती हैं। दुर्भाग्य से, वैश्वीकरण, आधुनिकीकरण और बाहरी प्रभाव इन परंपराओं को तेजी से खतरे में डाल रहे हैं, जिससे उनका संरक्षण महत्त्वपूर्ण हो गया है। गोंडी-माध्यम विद्यालयों का बंद होना केवल एक शैक्षिक चिंता से कहीं अधिक है; यह गोंड समुदाय के सांस्कृतिक अस्तित्व को खतरे में डालता है। ऐसे में आने वाली पीढ़ियाँ खुद को अपनी भाषाई विरासत से अलग पा सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अपरिवर्तनीय सांस्कृतिक क्षति हो सकती है।

महाराष्ट्र में गोंडी-माध्यम विद्यालय का बंद होना भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए संवैधानिक अधिकारों को लागू करने में कठिनाइयों को उजागर करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 350अ के अनुसार राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यक बच्चों की मूल भाषा में प्राथमिक शिक्षा प्रदान करनी होती है, लेकिन विभिन्न प्रशासनिक, वित्तीय और सामाजिक-राजनीतिक बाधाएँ अक्सर इस लक्ष्य को बाधित करती हैं। जनजातीय भाषाएँ और संस्कृतियाँ पहचान, इतिहास और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से निकटता से जुड़ी हुई हैं। किसी भाषा के खत्म होने का मतलब है दुनिया के बारे में एक अलग दृष्टिकोण का गायब होना। वैश्वीकरण, जबरन आत्मसात करने और अपर्याप्त औपचारिक मान्यता के कारण कई जनजातीय भाषाएँ खतरे में हैं। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक विरासत-जिसमें अनुष्ठान, कला, लोकगीत और पारंपरिक प्रथाएँ शामिल हैं, को पलायन, वनों की कटाई और आधुनिकीकरण से खतरा है।



जबकि भारतीय संविधान अनुच्छेद 350अ के माध्यम से भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है, जो मातृभाषा शिक्षा को अनिवार्य बनाता है, मैसूर में केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान की रिपोर्ट है कि पिछले 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएँ लुप्त हो गई हैं, जिनमें से कई स्वदेशी भाषाओं को शैक्षिक समर्थन की कमी है। गोंडी-माध्यम विद्यालयों का बंद होना भाषाई विरासत को संरक्षित करने के लिए चल रहे संघर्ष को उजागर करता है। अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार देता है, जो जबरन आत्मसात करने से रोकने में मदद करता है और शिक्षा और शासन दोनों में सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन मामले में भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुदृढ़ किया, शैक्षिक संस्थानों के प्रबंधन में उनकी स्वतंत्रता की पुष्टि की। अनुच्छेद 350अ के तहत राज्यों को बच्चों की मूल भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा का समर्थन करने की आवश्यकता होती है, जिससे भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए सीखने के परिणामों में सुधार होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहुभाषी शिक्षा की वकालत करती है, जिसमें बचपन में मातृभाषा आधारित शिक्षा पर जोर दिया जाता है। आठवीं अनुसूची 22 भाषाओं को मान्यता देती है, जिससे भाषाई विकास के लिए राज्य का समर्थन सुनिश्चित होता है; हालाँकि, गोंडी और भीली जैसी महत्त्वपूर्ण आदिवासी भाषाएँ उल्लेखनीय रूप से अनुपस्थित हैं। जबकि लगभग 25, 000 लोगों द्वारा बोली जाने वाली संस्कृत को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है, लगभग 2.9 मिलियन बोलने वालों वाली गोंडी को शामिल नहीं किया गया है, जो व्यवस्थित बहिष्कार के पैटर्न को दर्शाता है। आदिवासी क्षेत्रों में स्वायत्त शासन और सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता है, जिसमें शिक्षा और भाषा नीतियों के प्रबंधन का अधिकार भी शामिल है। हालाँकि पूर्वोत्तर में स्वायत्त ज़िला परिषदें आदिवासी भाषाओं का समर्थन करती हैं, लेकिन मध्य भारत में समान सुरक्षा का अभाव है। 1996 का "पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम" आदिवासी स्वशासन के महत्त्व को स्वीकार करता है, ग्राम सभाओं को सांस्कृतिक और शैक्षिक मुद्दों के बारे में निर्णय लेने का अधिकार देता है, जिससे संवैधानिक सुरक्षा मजबूत होती है। हालाँकि, मोहगाँव ग्राम पंचायत द्वारा गोंडी-माध्यम विद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को नौकरशाही नियमों के कारण खारिज कर दिया गया था। गोंडी-माध्यम विद्यालय को बंद करना इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे अनम्य प्रशासनिक प्रथाएँ आदिवासी स्वायत्तता को कमजोर कर सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मूल भाषा में शिक्षा की कमी होती है। हालाँकि शिक्षा के अधिकार के दिशा-निर्देशों का उपयोग स्कूल को बंद करने को सही ठहराने के लिए किया गया था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान हैं जो स्थानीय शासन का समर्थन करते हैं। आदिवासी भाषाओं को अक्सर संस्थानों द्वारा अनदेखा किया जाता है, जो संस्कृत और हिन्दी जैसी भाषाओं को दिए जाने वाले समर्थन के विपरीत है, जो सामाजिक-राजनीतिक हाशिए के पैटर्न को दर्शाता है। गोंडी-माध्यम की पाठ्यपुस्तकों के लिए न्यूनतम धन उपलब्ध है, जबकि संस्कृत को राज्य का काफी समर्थन प्राप्त है। आठवीं अनुसूची से आदिवासी भाषाओं को बाहर करने से उनका विकास बाधित होता है, जिससे उनके लुप्त होने का खतरा है। जबकि "राष्ट्रीय शिक्षा नीति" 2020 संस्कृत संस्थानों को बढ़ावा देता है, आदिवासी भाषाओं के लिए कोई समान ढांचा नहीं है। इसके अतिरिक्त, आदिवासी भाषाएँ औपचारिक नौकरी के अवसरों से जुड़ी नहीं हैं, जो शिक्षा में उनके महत्त्व को कम करती हैं। नौकरी की आवश्यकताओं में आमतौर पर हिन्दी या अंग्रेज़ी को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे आदिवासी भाषाओं में शिक्षा कम आकर्षक हो जाती है। ऐसी स्कूल बंद होने से आदिवासी पहचान के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा होता है, जो मौखिक परंपराओं और सांस्कृतिक साझाकरण में गहराई से निहित है, जिसके परिणामस्वरूप भाषा का संभावित नुकसान हो सकता है। शहरीकरण और वनों की कटाई ने पहले ही आदिवासी कहानी कहने की प्रथा को कम कर दिया है और स्कूलों के बंद होने से यह गिरावट और तेज हो गई है। हालाँकि "पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम" स्वायत्तता की एक हद तक सुविधा प्रदान करता है, लेकिन स्थानीय निर्णय, जैसे कि मोहगाँव द्वारा अपने स्कूल के बारे में लिए गए निर्णय, अक्सर अनदेखा कर दिए जाते हैं, जो जमीनी स्तर पर शासन को कमजोर करता है। कानूनी समर्थन के साथ भी, भाषा और शिक्षा से सम्बंधित आदिवासी निर्णयों को अक्सर ज़िला प्रशासन के विकल्पों द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है। अतिरिक्त भाषाओं को मान्यता देने की प्रक्रिया राजनीति में फंसी हुई है और धीमी गति से आगे बढ़ रही है, जिससे आदिवासी भाषाओं की मान्यता में बाधा आ रही है। उदाहरण के लिए, बोडो को व्यापक वकालत के बाद 2003 में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई थी, फिर भी बड़ी संख्या में बोलने वालों के बावजूद गोंडी को मान्यता नहीं मिली है।

# कविता

### गौरैया

देखो! आंगन में फुर् -फुर् करती आई गौरैया
घर के ऐनक पर अपनी चोंच लड़ाई गौरैया

अम्मा के पास पहुँच कर अपनी बात बताई
बीत गए हैं जाड़े के दिन देखो गर्मी है आई

अम्मा मैं भी अब आप के साथ यहाँ रहूँगी
घर में एक छोटा सा घोंसला मैं भी रचूँगी

चावल और थोड़ा सा पानी मुझे पीला देना
गर्मी अधिक लगे, भोजन मुझे खिला देना

तिनका -तिनका से मैं सुंदर बयां बनाऊंगी
छोटे चूजों की मैं प्यारी मम्मी कहलाऊंगी

चुन्नू -मुन्नू का थोड़ा सा प्यार मुझे लुटा देना
ठंडे घड़े का मीठा पानी मुझको पीला देना

सुंदर-सुंदर लोरी अम्मा बच्चों को सुनाऊँगी
आसमान में उड़ती कैसे यह भी बतलाऊँगी

प्यार -मुहब्बत में अम्मा गर्मी भी कट जाएगी
आंगन की यह गौरैया, जाने कब उड़ जाएगी

प्रभुनाथ शुक्ल

## नेता जी के नहाने का साबुन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बात उन दिनों** की है जब नेता जी चुनावी दौरे पर थे और जनता के बीच जाकर आत्मीयता दिखाने का नाटक कर रहे थे। "भाइयों और बहनों!"—नेता जी के इस उद्घोष से जनता में एकाएक ऊर्जा आ जाती, ठीक वैसे ही जैसे पुराने ट्रांजिस्टर में नया सेल डालने से आवाज तेज हो जाती है। वे गाँव की पगडंडियों पर चलते, गरीबों के घरों में बैठते, वहाँ की रोटी तोड़ते और फोटो खिंचवाकर मीडिया में अपनी सादगी की ब्रांडिंग करवाते। पर इस बार किस्सा कुछ अलग था। नेता जी को इस बार किसी गरीब के घर में रुकना पड़ा और सुबह नहाने के लिए साबुन की तलाश करने लगे। अब गाँव के घरों में साबुन कहाँ मिलता? एक बच्चे ने उन्हें कपड़े धोने वाला नीला टुकड़ा लाकर दे दिया। नेता जी उसे देखकर हक्के-बक्के रह गए। "अरे भई, ये कौन सा विदेशी ब्रांड है?" नेता जी साबुन लेकर बाथरूम में गए, पर जैसे ही उसे हाथ में लिया, उनकी आत्मा कांप उठी। "हे भगवान! ये तो ऐसा है जैसे किसी ने रॉकेट लॉन्चर को बारूद से भर दिया हो!" फिर भी चुनावी इमेज की खातिर उन्होंने साबुन को हाथों में घिसा, लेकिन झाग तो छोड़ो, साबुन हाथ से फिसलकर जमीन पर जा गिरा। गाँव वालों ने बाहर से पूछा, "नेता जी! कैसा लग रहा है हमारा देसी साबुन?" नेता जी अंदर से बोले, "बस यही देख रहा हूँ कि ये साबुन है या गाँधी जी का तीन बंदर—न झाग देता है, न महकता है, न शरीर से चिपकता है!" किस्सा यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसे-तैसे साबुन को अपने शरीर पर आजमाने की कोशिश की, तो लगा मानो ज़िंदगी के सारे पाप धुलने की बजाय चिपक गए हों। अब नेता जी की त्वचा में जलन होने लगी, जैसे किसी ने मिर्ची पाउडर मिला दिया हो। हे राम! ये साबुन बना है कि लोहा चमकाने वाला केमिकल?ह नेता जी बाथरूम से निकलते ही सीधे पानी की टंकी के नीचे बैठ गए और वहाँ से चिल्लाए, "भइयो, मुझे तो लग रहा है कि तुम लोग इसी साबुन से बैलगाड़ी के पहिए चमकाते हो!" गाँव के लोग हँसने लगे, मगर कोई बोलता क्यों नहीं कि साबुन दरअसल उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है? अब गाँव के सरपंच से रहा नहीं गया। उन्होंने कहा, "नेता जी, हमारी ज़िंदगी का असली रंग यही है! यह साबुन हमारी असली मेहनत की तरह है—कठोर, सख्त और झाग रहित! आप इसे महसूस कर रहे हैं, लेकिन हम इसे हर दिन जीते हैं।" नेता जी को पहली बार एहसास हुआ कि इस चुनावी दौरे का असली सबक यह नहीं कि वे कितने सरल दिख सकते हैं, बल्कि यह कि आम जनता की ज़िंदगी कितनी कठिन है। लेकिन, यह सोचकर ही उन्होंने अपने आसपास देखा, कहीं कोई पत्रकार तो नहीं? साबुन के झटके से उबरते ही उन्होंने तुरंत अपना विदेशी ब्रांड वाला साबुन मँगवाया और कहा, "भाई, कुछ भी कहो, लेकिन चुनावी प्रचार के चक्कर में जान भी दांव पर नहीं लगानी चाहिए!" तभी गाँव का एक बुजुर्ग बोला, "बेटा, जो साबुन हमारी गरीबी नहीं धो पाया, वो तुम्हारी चालाकी क्या खाक धोएगा?"

# विचार

## सुनहरा लम्हा : धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**नासा की** अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रू) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक वहां फंसे रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (क्रफ्ट) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी हैं। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कलियुग का बीरबल है मस्क का ग्रोक

**राकेश अचल**

**आजकल भारत में** ' ग्रोक ' का हल्ला है। ग्रोक एक ऐसा चैटबॉक्स है जो आपके हर सवाल का जवाब देता है। बेहिझक देता है। लाजबाब है। हाजिर जबाब है। इन दिनों भारत में लोग ग्रोक को अपना गुरू मानने लगे है । ग्रोक एक ऐसा गुरु है जो जाति,धर्म और लिंग भेद से बहुत ऊपर है। ग्रोक ठेठ समाजवादी है। सबके लिए उपलब्ध है। ग्रोक दुनिया में किसी की नहीं सुनता सिवाय अपने मालिक एलन मस्क के। भारत के लोग जब राम मंदिर बना रहे थे, कुम्भ में डुबकियां लगा रहे थे। तब एलन मास्क ग्रोक को असली जामा पहना रहे थे। आपने भी शायद मेरी तरह बचपन में अकबर-बीरबल के किस्से सुने होंगे । मुल्ला नसरुद्दीन की कहानियां सुनी होंगीं। जो हर सवाल का जबाब देने में माहिर थे। बीरबल की बुद्धिमत्ता के सामने मुगले आजम अकबर भी नतमस्तक हो जाते थे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक के जमाने में आम जनता अकबर है और ग्रोक बीरबल। बस आप सवाल कीजिये और ग्रोक गुरु पलक झपकते आपके सवाल का जबाब पेश कर देंगे। अभी तक ये काम गूगल गुरु के जिम्मे था लेकिन अब ग्रोक ने गूगल गुरु को भी पछाड़ दिया है ग्रोक 3 "पृथ्वी का सबसे स्मार्ट एआई" है। दरअसल आज दुनिया के तमाम मुल्कों में फांसीवादी और तानाशाही प्रवृत्तियां तेजी से सिर उठा रही है। दुनिया के तमाम सत्ताप्रतिष्ठान अपनी जनता के सवालों के जबाब देने के लिए राजी नहीं हैं ,ऐसे में ग्रोक-3 के अवतरण ने लोगों को चौंका दिया है । लोग ग्रोक के दीवाने हो गए हैं। ग्रोक वे सब जानकारियां दे रहा है जो सत्ता प्रतिष्ठान छुपाने की कोशिश करता है। ग्रोक अभी भारत,ऑस्ट्रेलिया ,फिलीपींस और दो अन्य देशों के लिए ही उपलब्ध है। अमेरिका को ग्रोक की जरूरत नहीं है चीन की और ग्रोक देख नहीं सकता। भारत के नेता ग्रोक से आतंकित हैं क्योंकि ग्रोक दूध का दूध ,पानी का पानी करता दिखाई दे रहा है। भारत की सरकार ने बीबीसी द्वारा मोदी जी को लेकर बनाई गयी फिल्म प्रतिबंधित कर दी थी लेकिन ग्रोक 3 को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। किया भी नहीं जा सकता क्योंकि ग्रोक उस एलन मस्क का दास है जिसके घर आदरणीय मोदी जी बच्चे खिलने गए थे।

## तू है चिड़िया मेरे आंगन की

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे घर के आंगन में सबसे बड़ी संख्या में एक छोटी चिड़िया देखने को मिलती है जिसे हम गौरैया कहते हैं। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह नन्ही चिड़िया बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतायत से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है।

## न्यूज फ्लैश

### सडक किनारे पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** सेक्टर 32-33 में हेरिटेज के पास ग्रीन बेल्ट में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सुबह सैर पर निकले लोगों ने शव की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सेक्टर 32-33 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई, जिसके चलते पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है। मृतक व्यक्ति ने काले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की पैंट पहन रखी थी। पैरों में नीले रंग की चप्पल और सिर पर टोपी थी। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि डायल-112 की टीम को सबसे पहले शव मिलने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और पूरी स्थिति की जानकारी लेने के बाद सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

ग्रीन बेल्ट में शव मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने मृतक को पहचानने से इनकार कर दिया। अब पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान के लिए अपील कर सकती है। पुलिस ने शव को मॉच्युरी में रखवाया है। यदि 72 घंटे के भीतर शव की पहचान नहीं हो पाती है तो नियमानुसार प्रशासन द्वारा उसका अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

### दो बाइक सवार बदमाशों ने जमकर मचाया उत्पात

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में दो बाइक सवार बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथों में गंडासी लेकर आए युवकों ने रात करीब डेढ़ बजे 15 से 20 कारों के शीशे तोड़ दिए। बदमाशों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें साफ दिख रहा है कि एक बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। बाइक पर पीछे बैठा युवक बाइक से उतरते ही गाडि?ों पर हमला करने लगा। उसने एक-एक कर गली में खड़ी कारों के शीशे तोड़ दिए और फिर बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, क्योंकि गाड़ी मालिकों का किसी से कोई विवाद भी नहीं था। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बदमाशों ने खाटूश्याम मंदिरए गऊशाला रोड, चांद सराय, सदर बाजार, इंदिरा कॉलोनी, जीटी रोड समेत अन्य इलाकों में इस वारदात को अंजाम दिया। स्थानीय निवासी विकास, रामेश्वर, धीरज, विनोद, अमित, रोहित, प्रिया व अन्य का कहना है कि शहर में अपराध बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो युवकों ने रात करीब डेढ़ बजे इस घटना को अंजाम दिया। ये आरोपी गऊशाला रोड की तरफ से आए और जुंडला गेट की ओर निकल गए। स्थानीय लोगों का मानना है कि ये बदमाश नशे की हालत में थे और दहशत फैलाने के इरादे से गाडि?ों को नुकसान पहुंचा रहे थे। एक गाड़ी मालिक ने बताया कि उसने रात करीब डेढ़ बजे शीशे टूटने की आवाज सुनी। जब सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तो दो युवक बाइक पर आते दिखे, जिनमें से एक ने उतरकर गाडियों के शीशे तोडने शुरू कर दिए और फिर दोनों फरार हो गए। सिटी थाना से जांच अधिकारी गुलविंद्र सिंह ने बताया कि दो बदमाशों ने गाडि?ों के शीशे तोड़े हैं। आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल

**पानीपत।** पानीपत के थाना इसराना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार की है। पुलिस ने मामला दर्ज कि लिया है।जानकारी के अनुसार गांव मंडी के रहने वाले सुरेंद्र अपने भतीजे राहुल के साथ मोटरसाइकिल पर मंगलवार को गांव परढाना जा रहे थे। इसराना फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चाचा सुरेंद्र दूर जा गिरे, जबकि भतीजा राहुल ट्रक के अगले पहिए के सामने आ गया। राहुल को गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। थाना इसराना पुलिस ने बताया कि ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बालजट्टन गांव में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना, आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**अपनी** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा राजकीय माध्यमिक विध्यालय, बालजट्टन में एक मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करना, आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस शिविर का उद्घाटन श्री एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी के द्वाराकिया गया, जिनके साथ श्री ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, नरेंद्र राठी, सरपंच, बालजट्टन गांव और गांव के अन्य निवासी उपस्थित रहे। इस शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सक सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण, ऑक्सीमीटर, ईसीजी मशीन एवं वजन मापन उपकरण जैसी नैदानिक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही, गांववासियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर श्री एम. एल. डहरिया ने इंडियनऑयल की सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, "पानीपत रिफाइनरी, जो देश की सबसे तकनीकी रूप से उन्नत रिफाइनरियों में से एक है, ऐसे गांवों से घिरी हुई है, जिन्होंने भारत की कृषि और औद्योगीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि, हमने देखा है कि इन ग्रामीण इलाकों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। स्थानीय सरपंचों से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पतालों और योग्य डॉक्टरों की कमी के कारण गांव के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं महंगी और कठिन हो जाती हैं। यह स्वास्थ्य शिविर इस समस्या को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गांव के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

## सुरक्षित भविष्य की नींव हैं हरियाणा सरकार का बजट



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए सर्व समाज के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में प्रदेश के चहुंमुखी विकास का खाका पेश किया है यह बजट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है` इस बजट में किसान, श्रमिक, बुजुर्ग, युवा, महिला सहित हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है और कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाएं पेश की गई है कोई नया कर नहीं लगाए जाने से उद्योगपतियों और व्यापारी जगत खुश है रोजगार के लिए टास्क फोर्स का गठन, हरियाणा के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने लिए पानीपत में हॉस्टल, को प्रोत्साहित करने के लिए योजना, स्मार्ट ढांचागत विकास सहित तमाम योजनाएं प्रदेश के साथ साथ पानीपत को भी विकास के मार्ग पर तीन गुना गति से आगे ले जाएंगी ।

### लड़सौली गांव में पशुवाडे से भैंस स व कटड़ी चोरी

**गन्नौर ।** गांव लड़सौली में पशुवाडे से एक भैंस व कटड़ी चोरी होने की शिकायत थाना बड़ी पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में लड़सौली गांव निवासी अनुज मोर नेबताया कि वो हर रोज की तरह 17 मार्च को शाम को अपने ( पशुवाडे ) में अपनी भैंस व कटड़ी को बांधकर ताला लगाकर घर आकर सो गया था। शिकायत में बताया कि जब अगले दिन सुबह उठकर चारा डालने के लिए घेर में गया तो देखा कि ताला टूटा हुआ था और भैंस व कटड़ी वहां नही थी। थाना बड़ी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दलों से लिए चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**बैठक**

**अगर कोई और सुझाव भी आप देना चाहते हैं तो आगामी दो दिनों के अंदर लिखित रूप में अपने सुझाव दे**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निवार्चन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव प्रक्रिया से संबंधित उनके सुझाव लिए जा रहे हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी, सरल और सुचारू बनाया जा सके। उपायुक्त बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सुझाव लेने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बैठक के बाद अगर कोई और सुझाव भी आप देना चाहते हैं तो आगामी दो दिनों के अंदर लिखित रूप में अपने सुझाव दे सकते हैं। उपायुक्त ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों की स्थिति, बीएल, ;बूथ लेवल एजेंटद्ध की नियुक्ति, ईवीएम, पोलिंग पार्टी और अन्य चुनावी विषयों पर बैठक में चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों से चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बैठक में जो सुझाव लिए हैं उसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश के चुनाव आयोग को जल्द भेज दी जाएगी। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि ने सुझाव देते हुए कहा कि वोटर लिस्ट समय.समय पर अपडेट होनी चाहिए और अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई हो तो उसकी वोट समय रहते वोटर लिस्ट से कटनी चाहिए। गांव और शहर में जब भी वोट बने या चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कोई जानकारी देने आए तो उसकी सूचना होनी चाहिए, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। ,बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मतदाता सूची में नाम जोडने और संशोधन, मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, मतदान केंद्रों की सुविधाएं।

### बाप-बेटे व उनके सहयोगी के साथ मारपीट कर किया घायल, केस दर्ज

**गन्नौर।** गन्नौर फाटक पार फ्लाई ओवर के नीचे अंडे की दुकान पर सामान लेने आए दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकान संचालक उसके बेटे व सहयोगी पर हमला कर घायल कर दिया। घायल दुकानदार ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में हरिनगर गन्नौर निवासी रणधीर ने बताया कि फाटक पर गन्नौर पुल के नीचे उसकी अंडे व पानी की दुकान है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को दोपहर बाद करीब 4 बजे दो युवक सुनील व विशाल उसकी दुकान पर सामान लेने आए और दोनों बेवजह उसके साथ बहस व गाली गलौच करने लगे । तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए जिसके चलते दोनों ने देख लेने की धमकी देकर चले गए। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसी दिन रात करीब 9 बजे वो दुकान बढ़ाकर अपने बेटे व उसके साथी के साथ घर जाने लगा तो उसी समय सुनील व विशाल अपने आठ-दस साथियों के साथ आए और उन्होंने हम तीनों पर लाठी डंडों व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। हमले तीनों को गम्भीर चोटें आई है। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए उपमंडल अस्पताल गन्नौर में दाखिल करवाया,गम्भीर हालात देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर छात्रों ने जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**



**डेयरी।** भारतीय मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील विलियम्स और उनके पर्यटक स्थल बुच विल्मोर स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेस यान में सवार होकर पृथ्वी पर वापस आ गए हैं। उन्हें ले जाने वाले कैप्सूल ने मैसाचुसेट्स फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैश डाउनलोड किया। पूर्ण मूर्ति पिलो, कामी रोड में विशेष रूप से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग के छात्रों ने नील विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर भव्य जश्न मनाया। पूर्ण मूर्ति मूर्ति के पुतले डा. विजयपाल नैन ने कहा कि यह बहुत खुशी, गर्व और राहत का पल है। आज पूरी दुनिया में विलियम्स की सुरक्षित वापसी की खुशी मन रही है। भारत की इस होनहार बेटी इलियान विलियम्स ने अंतरिक्ष की कठिनाइयों का सामना करते हुए जिन सिक्कों और लग्नों का सामना किया, वे इतिहास में अमर हो गए हैं। संस्था के सचिव गौतम नैन, विशेषज्ञ भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, निदेशक अकादमी एकेडेमिक्स डा. स्विस्टी, मंडल निदेशक प्लाज्मा, निदेशक प्रशिक्षण नवनीत मेहता, प्रशिक्षण कंवलजीत सिंह संधू, डीन शिक्षक संदीप कुमार आदि ने कहा कि उनकी वापसी पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

पूर्ण मूर्ति मूर्ति के पुतले डा. विजयपाल नैन ने कहा कि यह मिशन है कि इंसान अगर बर्बाद हो तो कुछ भी कर सकता है। उनकी यह यात्रा युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बढ़ावा देने का प्रस्ताव देती है। उन्होंने ड्रैगन अंतरिक्ष यान के कैप्सूल की सफल लैंडिंग के बाद एलन मस्क की प्रतिकृति भी नियुक्त की। उनकी कंपनी स्पेसएक्स ने अंतिम भूमिका अदा की, ओइनिल विलियम्स और उनके अंश बुचमोर की सकुशल वापसी में वापसी की।

विदित रहा कि नासा के अंतरिक्ष यात्री एलिनि विलियम्स अपने सहयोगी बुच विल्मोर के साथ 9 महीने बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आए हैं।

## दुनिया में खादी ऐसा कपड़ा है जिसका अपना गौरवशाली इतिहास है : सतपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव सतपाल सैनी ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय धरोहर खादी, हर राष्ट्रवादी भारतीय की पहचान, युवा भारत की धड़कन और देश का गौरव और सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर जो खादी क्रांति चल रही है। खादी का इतना विकास हुआ है कि दुनिया के बड़े-बड़े ब्रांडों से मुकाबला कर रही है। खादी आज घर-घर और हर वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है। सतपाल सैनी ने कहा कि खादी आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। यह ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था का आधार है। खादी दुनिया का एकमात्र ऐसा कपड़ा है जिसका अपना गौरवशाली इतिहास है। खादी की ताकत नए भारत के निर्माण और विकसित भारत की मजबूत नींव का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा से सबसे अधिक लाभ खादी जगत को हुआ है। नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जो महात्मा की खादी के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इस अवसर पर संस्थान के सचिव सतपाल सैनी द्वारा सेवानिवृत्त रोजगार अधिकारी एन. के. वर्मा को सम्मानित किया गया।

### चरस के साथ बाइक सवार दो युवक पकड़े

**जींद।** जिंद के गांव खापड़ के निकट बाइक सवार दो युवकों को सीआईए स्टाफ ने पकड़ा है। इनके कब्जे से एक किलो 22 ग्राम चरस बरामद की गई है। उचाना थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक नशीले पदार्थ लेकर रजवाहा पटरी से उचाना कलां से होते हुए खापड़ रोड की तरफ आएंगे। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने गांव खापड़ के निकट नाकेबंदी कर रजवाहा की तरफ से आने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद बाइक सवार दो युवक वहां पर पहुंचे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्चों के चेहरों पर लाई मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**अभियान**

**भिक्षा वृत्ति करवाए जाने के अपराध को खत्म किए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं**

ऑपरेशन मुस्कान के तहत दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के 5 बच्चों को सनोली रोड और बापौली से 3 बच्चों को मानव तस्करी विरोधी इकाई ने एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से रेसकयू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से विक्टिम सपोर्ट कोऑर्डिनेटर अजय चौहान ने बताया कि जिले से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षा वृत्ति करवाए जाने के अपराध को खत्म किए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि बच्चों को शिक्षा और मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है। अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या एमडीडी ऑफ इंडिया जैसी गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी को भी बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति या कोई गुमशुदगी अथवा मानव तस्करी की सूचना मिलती है तो तुरन्त उनके नंबर 7015986378 पर संपर्क करें।

## धूमधाम से मनाया जाएगा शहीदी दिवस: देवेंद्र बल्हारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**




**जनसभा**

**समालखा अनाज मंडी में इस बार आयोजित होने वाला शहीदी दिवस अदभुत होने वाला है**

फांसी पर चढ़ने वाले शहीदों की आत्मा कैसे चितकार कर रही होगी। जब वह स्वर्ग से देख रही होगी कि उनकी शहादत के 94 सालों के बाद और आजादी के 77 साल बाद भी देश और उनके वंशजों की हालत ज्यों कि त्यों बरकरार है। जनता सरकार मोर्चा के संस्थापक सदस्य देवेंद्र बल्हारा और रवींद्र भारतीय(गाहल्याण) ने 23 मार्च को समालखा की धरती पर शहीदी दिवस कार्यक्रम के आयोजन की योजना बताते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समालखा अनाज मंडी में इस बार आयोजित होने वाला शहीदी दिवस अदभुत होने वाला है। क्योंकि जनता सरकार मोर्चा का प्रत्येक क्रांतिकारी अपने आप को भगत सिंह ,राजगुरु, सुखदेव मानकर संपूर्ण समर्पण के साथ अपने जीवन और समय की आहुति देने की नीयत से घर से निकला है और वही प्रेरणा आसपास के गांव वालों में संचारित करने का काम कर रहा है । देश के कोने कोने से जनता सरकार मोर्चा के क्रांतिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से इस कार्यक्रम का भरपूर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और पूरे देश से 23 मार्च को समालखा में होने वाले शहीदी दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। मोर्चे के साथी समालखा के आसपास के 200 से अधिक गांव में संपर्क अभियान चलाकर हजारों लोगों को आमंत्रित कर चुके हैं व देश को शहीदों के सपनो का भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य लगातार कर रहे है। गांव के लोगों को कार्यक्रम का न्यौता देने आट्टा गांव से कीर्ति गाहल्याण, पूनम बल्हारा व मोर्चे की महिला विंग आसपास के गांवों में जा कर संपर्क कर रही है।महिलाओं में भारी उत्साह है और अपनी अगली पीढ़ियों को बचाने के लिए जनता सरकार मोर्चा की सभी नीतियों का प्रचार कर गांव गांव जन जागृति कर अपना संदेश गांव के लोगों तक पहुंचा रही है की देश की जनता में जात-पात का जहर घोला जा रहा है व भारत विरोधी मानसिकता या बड़ी शक्तियों के द्वारा देश की जनता को आर्थिक रूप से भी लगातार कमजोर करने की कोशिश की जा रही है साथ ही डाटा कंट्रोल के माध्यम से देश के लोगो को भोजन, पानी, यात्रा और बोलने तक को नियंत्रित करके प्रत्येक व्यक्ति को नियंत्रित किया जा रहा है । देश की सामाजिक, आर्थिक आजादी के मतवाले समालखा की अनाज मंडी में 23 मार्च को पहुंच कर आज से 94 साल पहले फांसी पर चढ़ने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने और उनके विचारों को जनता तक पहुंचाने के लिए हरियाणा के प्रत्येक जिले से लोग नई अनाज मंडी समालखा में पहुंच रहे हैं।

## धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर लेना चाहिए महिलाओं को भाग:उमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि महिलाओं को धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा भाग लेना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां भाईचारे की भावना जागृत होती है वहीं शिक्षा और संस्कार भी मिलते है। नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा बुधवार को श्रीसाई राम भगवान बाबा के 100वें जन्म उत्सव वर्ष पर चल रहे महिला दिवस कार्यक्रम की श्रंख्ला में बोल रही थी। इससे पहले श्री सत्य साई सेवा संगठन की तरफ से आयोजित हनुमान चालिसा पाठ में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भाग लिया और विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं द्वारा हनुमान चालिसा पाठन व ओल्ड इज गोल्ड महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य की हर समिति में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक महिलाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन पर लगाई लगाम

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर जिले में अवैध माइनिंग पर प्रशासन द्वारा अवैध माइनिंग का कार्य करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जा रही है। माइनिंग विभाग की टीम दिन-रात अवैध माइनिंग का कार्य करने वालों के वाहनों की जांच कर रही है। जिला माइनिंग अधिकारी निरंजन ने बताया कि बुधवार को सुबह 6:30 बजे माइनिंग की टीम ने आटा गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अवैध माइनिंग का कार्य करने वाले एक वाहन संचालक के वाहन की जांच की व नियम के विरुद्ध पाने पर 2 लाख 12 हजार रुपए जुमार्ना किया व उनके ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान अन्य वाहनों की भी जांच की गई। इस मौके पर पुलिस विभाग के अनिल,खनन रक्षक नीतीश के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तनाव भरे माहौल को सुधारने का एकमात्र उपाय है हास्य कवि सम्मेलन: सुरेंदर दुहन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल तथा आर्य कॉलेज पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में 19 मार्च को आर्य कॉलेज में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के जाने-माने कवियों ने भाग लिया।महेंद्र अजनबी, दीपक सैनी ,राजेश चेतन , रजनी अवनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. मीनाक्षी चौधरी एवं संस्कृति विभाग की पूरी टीम ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक गजेंद्र फोगाट के निर्देशन में ऐसे सांस्कृतिक उत्सव निरंतर प्रदेश भर में जारी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए श्री सुरेंद्र दुहन एडवोकेट प्रधान बार एसोसिएशन पानीपत ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन को शांत करने एवं मन को स्वस्थ करने के लिए हास्य कवि सम्मेलन जैसे आयोजन एक कारगर सिद्ध होंगे। बॉलीवुड से पधारे हास्य कलाकार विकास बेदी ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था पानीपत में होने वाले हर सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों में अपना योगदान करती रही है और आगे भी निरंतर योगदान करते रहेगी। कवियों ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवाओं ने कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाया और ऐसा सुंदर और सात्विक और शुद्ध संस्कारवान मनोरंजन को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बार एसोसिएशन पानीपत के पूर्व प्रधान शेर सिंह खरब, एडवोकेट सुमित आर्य, महेंद्र भाटिया, देवेंद्र तूफान, कमल वर्मा, चांद कोर, कमलेश पालीवाल, लोक कलाकार नरेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

# एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है: प्रो. कैलाश

## प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है

**कार्यशाला**

**पाठ्यक्रमों और माइक्रो-क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से सीनेट हॉल में उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और माइक्रो-क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।
कार्यशाला में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है, जिसमें प्रवेश और निकास के कई विकल्प दिए जाते हैं, जिससे शिक्षार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में अधिक लचीलापन मिलता है। इसे अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के माध्यम से सुगम बनाया जाता है, जो शैक्षणिक उपलब्धियों के निर्बाध हस्तांतरण और मान्यता को सक्षम बनाता है, व्यक्तिगत और लचीले शिक्षण मार्गों को बढ़ावा देता है। यह नीति उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र रोजगार बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप रोजगार योग्य कौशल विकसित करें। प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि माइक्रो-क्रेडेंशियल कोर्स उच्च शिक्षा में सीखने को बढ़ाने के लिए एक लचीले और लक्षित तरीके के रूप में उभर रहे हैं। वे छात्रों को कम समय में विशिष्ट कौशल और दक्षता हासिल करने में सहायक हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ और उद्योग-प्रासंगिक हो जाती है। ये प्रमाण-पत्र पारंपरिक डिग्री के पूरक हैं और उभरते हुए नौकरी बाजार में निरंतर सीखने में सक्षम बनाते हैं। एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा का पारंपरिक मॉडल - जिसमें कई वर्षों तक चलने वाली लंबी और महंगी डिग्री शामिल थी - बदलने लगा, तथा इसकी जगह छोटे, उद्योग-केंद्रित कार्यक्रमों ने ले ली। माइक्रो-क्रेडेंशियल तथा स्किल बेस्ड कोर्स इस आवश्यकता का समाधान प्रदान करते हैं। इन कोर्सो को कम अवधि में हासिल किया जा सकता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ विश्वविद्यालय तथा संबंधित कॉलेजों में देश में सर्वप्रथम लागू किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्किल एनहांसमेंट कोर्स, वोकेशनल कोर्स, प्रोजेक्ट बेस्ड कोर्स, शार्ट टर्म कोर्स व अन्य रोजगारपरक कोर्स चलाए जा रहे है जिनमें इंटर्नशिप का प्रावधान है। शोध, खेल, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आईआईएम नागपुर के निदेशक प्रो. भीमार्या मैत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य चरित्र निर्माण, रोजगारपरक शिक्षा तथा एसडीजी के 17 लक्ष्यों को प्राप्त करना है। एनईपी-2020 व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा पर जोर देती है।

## बीएमसी पुनर्गठन में महत्वपूर्ण जानकारी होना जरुरी: बीडीपीओ



**शिविर**

**खरखौदा आस्था गर्ग की अध्यक्षता में बीएमसी पुनर्गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा: खंड** विकास एवं पंचायत अधिकारी खरखौदा आस्था गर्ग की अध्यक्षता में बीएमसी पुनर्गठन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक ने बताया की एक अच्छी,जागरूक और शिक्षित बीएमसी बनाने के लिए ग्राम सचिवों को एक ट्रेनिंग की जरुरत थी ताकि जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार, जिले में जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ गठित कर सकें। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद ग्राम सचिवों से आग्रह किया की जिलें में जैव विविधता प्रबंधन समितियों ( बीएमसी )का पुनर्गठन में ध्यान देने योग्य बातों पर विशेष ध्यान देना जरुरी है। इन समितियों का उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण एवं सतत उपयोग को बढ़ावा देना है इसलिए जैव विविधता बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी खरखौदा ने कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक श्यो प्रसाद को विश्वास दिलाया की खरखौदा ब्लॉक के सभी ग्राम सचिवों एक सफल और जागरूक बीएमसी बनाने में सहयोग करेंगे।

## नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**जागरूक किया**

**नशा तस्कर या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल क्रिमिनल की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना पुलिस की तरफ से नशे के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान को थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया। जिसके चलते सिक्का कॉलोनी, दिल्ली कैंप, हुड्डा पार्क के पास नशा करने वाले 16 व्यक्तियों को पकड़कर नागरिक अस्पताल के ओएसटी सेंटर में लेकर जाया गया। जहां उन्हें उपचार दिलाया गया। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि आमजन को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक अभियान की शुरूआत उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर थाना क्षेत्र में की गई। अभियान के तहत नशा मुक्त करने बारे सहयोग मांगा। मामले में कार्यवाही करते हुए 16 नशा करने वाले व्यक्तियों को काबू किया। उन्हें नागरिक अस्पताल के ओएसटी सेंटर में उपचार के लिए लाया गया। उन्हें नशा न करने को लेकर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी नशा तस्कर आपके क्षेत्र में नशा सप्लाई करता है। उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। नशा तस्कर या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल क्रिमिनल की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा व उसे उचित इनाम भी दिया जाएगा।

## बजट में वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन पर प्रतिबिंबित: सुभाष

**सराहा**

**अनुकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए छ: महत्वपूर्ण प्रस्तावों को बजट में शामिल किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा को विकास की राह पर आगे बढ़ाने व भविष्य अनुकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए छः महत्वपूर्ण प्रस्तावों को बजट में शामिल किया गया है। इनमें मिशन हरियाणा-2047 उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की शुरूआत, डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाना, हरियाणा एआई मिशन की स्थापना, 2000 करोड़ रुपये का एक फंड आफ फंड्स बनाने, संकल्प प्राधिकरण का गठन और युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय रोजगार दिलवाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष मिशन हरियाणा-2047 नामक एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की शुरूआत की गई है, जिसके द्वारा हरियाणा के सकल घरेलू उत्पाद को 1 ट्रिलियन अमरीकी डालर के स्तर तक पहुंचाने और हरियाणा में 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लिए एक प्रभावी योजना विकसित करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। इस मिशन के लिए प्रारंभिक निधि के रूप में 5 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से एक नया विभाग बनाया जाएगा। यह विभाग आगामी चुनौतियों, विषमताओं और आर्थिक विकास की नई संभावनाओं को भांप कर दूसरे सभी विभागों को नीतिगत सुझाव देगा और समय रहते उनकी क्षमता भी बढ़ाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि राज्य सरकार डंकी रूट की गंभीर समस्या के निवारण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस उद्देश्य से इसी सत्र में एक बिल लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा विदेश सहयोग विभाग के अंतर्गत कार्यरत हरियाणा ओवरसीज एंप्लॉयमेंट सैल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सरकार इच्छुक युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय रोजगार दिलवाने के लिए सुरक्षित मार्ग प्रशस्त करेगी।

# विद्यार्थियों ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर जश्न मनाया

**खुशी**

**विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बच्चों तथा अध्यापकों से इस खुशी को सांझा किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापस आने की खुशी में बहुत धूमधाम से जश्न मनाया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बच्चों तथा अध्यापकों से इस खुशी को सांझा किया और सुनीता विलियम के पूरे जीवन के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंची थीं। सिर्फ 8 दिन के मिशन पर उन्हें लेकर बोइंग का जो स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट गया था, उसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई थी। जिसके चलते उनकी वापसी टल गई थी और तब से यानी पिछले साल जून से सुनीता विलियम्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में थीं और आज दिनांक 19 मार्च 2025 को सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन से वापस पृथ्वी पर आई है अंतरिक्ष में रहकर भी उन्होंने धैर्य से क'म लिया। विद्यार्थियों के लिए भी धैर्य का बहुत महत्व है क्योंकि यह उन्हें मुश्किलों का सामना करने, अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और सफलता प्राप्त करने में मदद करता है।पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन के लिए, धैर्यवान होना बहुत जरूरी होता है,धैर्य छात्रों को एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है, जिससे वे जीवन के प्रति अधिक आशावादी होते हैं।

## दो साल से नाबालिग लड़की को कर रहा था परेशान, प्रताड़ना के चलते निगला जहर

**मुकदमा दर्ज**

**सूचना के बाद मौके पर पहुंची नाबालिग ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग लड़की को दो साल तक परेशान करने व प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगलने के आरोप का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नाबालिग ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। महिला उप निरीक्षक सुदेश ने बताया कि गत 15 मार्च को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर से नाबालिग लड़की द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां नाबालिग लड़की के बयान दर्ज किए। लड़की ने बताया कि गांव का लड़का उसे दो साल से परेशान कर रहा है। डर के चलते उसने किसी से कुछ नहीं बताया। गत दिनों पहले भी उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रताड़ना से तंग आकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां

## आंगनबाड़ी केंद्र से गैस सिलेंडर चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से गैस सिलेंडर के चोरी होने का मामला सामने आया है। केंद्र पर तैनात कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कुंडली निवासी बबीता ने बताया कि वह गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात है। गत 17 मार्च को केंद्र पर पहुंची। जहां केंद्र से गैस सिलेंडर गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 23 मार्च को भव्यता से मनेगा बिहार दिवस: डा अर्चना




**टीम एक्श इडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**वैसे** तो बिहार दिवस 22 मार्च को होता है परन्तु हरियाणा में आगामी 23 मार्च को हरियाणा में सात स्थानों पर बिहार दिवस पूरे धूम धाम तथा भव्यता से मनाया जाएगा।ये जानकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बिहार दिवस प्रदेश संयोजक डॉ अर्चना गुप्ता ने पी डब्ल्यू डी रेस्ट पर एक प्रेस वार्ता के दौरान दी।इन स्थानों में पानीपत, यमुना नगर,कुरुक्षेत्र, करनाल, ,सोनीपत, फरीदाबाद एवं गुरुग्राम शामिल रहेंगे। इन सभी स्थानों पर बाद बिहार दिवस पर भव्य आयोजन आयोजन किए जाएंगे।इन में बिहार से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। डा अर्चना ने बताया कि बिहार का इतिहास गौरवशाली है । बौद्ध विहार दुनिया भर में मशहूर है।यही नहीं बिहार शिक्षा का भी हब रहा है नालंदा विश्वविधालय संसार भर जाना जाता हैं जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने पुनः जीर्णोद्धार किया है।उन्होंने कहा कि बिहार में अनेकों साहित्यकार हुए है।इसके साथ उन्होंने कहा कि बिहार देश को राजनैतिक दिशा देने वाला राज्य रहा ।
उन्होंने राम मनोहर लोहिया, कपूर्री ठाकुर तथा जय प्रकाश नारायण का जिक्र किया। डा अर्चना गुप्ता ने आगे कहा कि ये कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित होगा।डा अर्चना गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस से पहले भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तमिल संस्कृति से लोगों को जोड़ने के लिए उत्तर भारत में काशी तमिल संगमम कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।
डा अर्चना गुप्ता ने आगे कहा कि पानीपत में अयोजित होने वाले बिहार दिवस कार्यक्रम में बिहार के कैबिनेट मंत्री विनोद मंडल तथा बिहार भाजपा प्रदेश सचिव संजय मुख्य रूप से भाग लेंगे।ये कार्यक्रम आर्य कालेज के सभागार में आयोजित होगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बिहार से संबंधित ऐतिहासिक जानकारियां भी दी जाएंगे। प्रेस वार्ता में उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट , नव निर्वाचित महापौर कोमल सैनी,बिहार दिवस के प्रदेश सह संयोजक वेद पराशर मौजूद रहे।

## अधिकारियों का एक नजरीया आसान बना सकता है जरूरतमंदों की जिंदगी: उपायुक्त

**शिविर**

**छात्रा आरती ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उसके घर की स्थिति दयनीय है। वह फीस जमा करवाने में असमर्थ है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश के सभी जिलो व उपमण्डलों में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर की इस कड़ी में बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि ये जनता समाधान शिविर निर्बल लोगों का साथी है। इसमें वहीं लोग अपनी समस्याओं को लेकर दस्तक देते हैं जो ज्यादा जरूरतमंद है व जिनकी सुनवाई नहीं होती। ऐसे लोगों की मदद करना हमारा सब का परम कर्तव्य है। सभी अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का बस एक नजरिया जरूरतमंद लोगों की जिन्दगी को आसान बना सकता है। इसको लेकर समस्याओं रूपी चुनौती को हमें पार करना है। इस कार्य में हमारे द्वारा लिया गया निर्णय जरूरत मंद लोगों के लिए वरदान है। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि हमें समाधान शिविर में कायदे व हिम्मत को आगे रखकर इस चुनौती को पार पाना है। इसमें हम किसी भी तरह का कोई समझौता नही कर सकते। उन्होंने कहा कि ज्यादातर समस्याएं क्रीड विभाग से जुड़ी हुई हैं। जिनका तनम्यता से समाधान किया जा रहा है।धीरे धीरे हम अच्छी स्थिति में पहुंच रहे हैं। लोगों का बढ़ता भरोसा हमारा हौंसला बढ़ा रहा है। हमें भी बड़ी प्रसन्नता होती है जब लोगों की समस्याओं का समाधान होता है। उनके चेहरे की मुस्कान से हमारी ताकत बढ़ती है। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि कोई भी समस्या उस वक्त तक बड़ी है जब तक हम उसे दूर करने का निर्णय नही लेते। हमारे द्वारा लिए गए निर्णय एक जरूरतमंद को बड़ा फायदा पहुंचा सकते हैं। इसका हमें इलम होना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित पहुंची अनेकों समस्याओं पर संज्ञान लिया व थानों के एसएचओ को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पैंशन विभाग, क्रिड विभाग, शिक्षा विभाग से सम्बंधित 74 समस्याएं समाधान शिविर में पहुंची। जिनमें ज्यादातर का उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए।
समाधान शिविर में शिक्षा से संबंधित अपनी समस्या लेकर पहुंची 11वीं कक्षा की छात्रा आरती ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उसके घर की स्थिति दयनीय है। वह फीस जमा करवाने में असमर्थ है।

## गर्भवती के पेट में मारी लात, गर्भ में बच्चे की मौत का आरोप

**साधा निशाना**

**पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला के पेट में लात मारने व डिलीवरी के दौरान मृत बच्चे के पैदा होने सहित दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चिंतपूर्णी कॉलोनी निवासी ज्योति ने उसकी शादी वर्ष 2020 में साहिल के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे मानसिक प्रताड़नाएं दी जाने लगी। महिला ने बताया कि वह गर्भवती हो गई। उसके पति ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके पेट में लात मारी। उसकी सास ने पेट पर गुस्सा मार दिया। उसके बाद जान से मारने की नीयत से उसके मुंह को पानी में डुबो दिया। उसे बंद कमरे में रोक दिया। जिससे व मानसिक परेशान रहने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेट का दर्द कम नहीं हो रहा था। वह अपनी मौसी के साथ खरखौदा स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र पर पहुंची। जहां उसने जांच करवाई। गर्भ में उसका बच्चा मृत बताया गया। उसके बाद वह अस्पताल में पहुंची। जहां उसने मृत बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से उसे परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने वाले नागरिकों की परेशानियां की दूर की जायँगी: राजीव

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** मेयर राजीव जैन ने कहा कि स्थानीय नागरिक हस्पताल में अपनी विकलांगता की जाँच करवाने के बाद दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने वाले नागरिकों को आ रही परेशानियों को जल्द ही दूर किया जायेगा। प्रयास होगा कि जाँच एक दिन की बजाये दो दिन की जाये तथा इसके लिए पूरे दिन के विशेष कैम्प भी लगाए जायेंगे।



नगर निगम के मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन बुधवार को सुबह 8 बजे सिविल हस्पताल के दिव्यांग नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। राजीव जैन ने बताया कि मुझे कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि दिव्यांग बहुत परेशान हैं और सुबह सुबह पांच बजे कतारों में लगने के बाद भी उनका नंबर नहीं आता। राजीव जैन ने हस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयंत आहूजा तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्वराज से बातचीत की और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। दिव्यांग सेवा समिति के प्रधान सुधीर भाम्बरी ने बताया कि दिव्यांगों की जाँच के लिए एक ही डॉक्टर है और वह सप्ताह में एक दिन 30 से 40 मरीजों को ही देख पाता है। कई बार डॉक्टर की कोई ड्यूटी आ जाये तो मरीजों को मुंह लटकाकर वापिस जाना पड़ता है। दिव्यांग नागरिकों ने बताया कि उन्हें अपनी सहायता के लिए एक सहयोगी को साथ में लाना पड़ता है और किसी की विकलांगता गंभीर हो तो वाहन भी किराये पर लेकर आना पड़ता है।

डॉ. जयंत आहूजा ने कहा कि पहले काफी लम्बे समय से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का काम पेंडिंग पड़ा था।

**कैंप**

**▸▸ प्रयास होगा कि जाँच एक दिन की बजाये दो दिन की जाये तथा इसके लिए पूरे दिन के विशेष कैम्प भी लगाए जायेंगे**

# फसलों के उठान को लेकर नहीं डाला जा रहा टेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मंडियों** में आने वाली फसलों के उठान को लेकर व टेंडर में शर्तों को लेकर ट्रांसपोर्टर नाराज है। टेंडर की शर्तों से नाखुश ट्रांसपोर्टरों ने मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने रोष-प्रदर्शन किया। उसके बाद जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने ट्रांसपोर्टरों की आपत्तियों को आला अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बा दें कि रबी खरीद सीजन में जिले में सरसों की खरीद के लिए जहां सोनीपत अनाज मंडी, खरखौदा अनाज मंडी, गोहाना अनाज मंडी और गन्नौर अनाज मंडियों में खरीद केंद्र स्थापित किए है। वहीं गेहूं की खरीद के लिए प्रमुख मंडियों सहित 22 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए है। सरसों की खरीद के लिए 15 मार्च से पोर्टल ओपन कर दिया गया है, वहीं गेहू के लिए पोर्टल 1 अप्रैल से खुलने की उम्मीद है। ऐसे में मंडियों में फसलों के उठान के लिए टेंडर जारी किया जाता है। लेकिन अब तक उठान टेंडर जारी नही हो पाया है। ट्रांसपोर्टरों की माने तो टेंडर में इस बार 72 घंटे के अंदर मंडी से उठान न करने पर प्रति वाहन 5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाने की शर्त रखी गई है। ट्रांसपोर्टरों ने इस शर्त पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा कि मंडी से फसल का उठान करने के लिए गोदाम में फसल उतारने में काफी समय लग जाता है। यही नहीं ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि फसल की गुणवत्ता की जांच में मंडी में लोड करते समय नही की जाती, परन्तु जब ट्रक फसल को गोदाम में उतारता है तो उस समय कई बार गुणवत्ता ठीक न होने की बात कहकर ट्रक को वापस भेज दिया जाता है।

इससे न सिर्फ समय खराब होता है, बल्कि ट्रांसपोर्टरों को नुकसान भी झेलना पड़ता है। ऐसे में ट्रांसपोर्टरों ने फैसला किया है कि वे किसी भी हाल में जुमार्ना अदा नही करेंगे।

**टेंडर**

**▸▸ टेंडर की शर्तों से नाखुश ट्रांसपोर्टरों ने मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय में पहुंचे**

## न्यूज फ्लैश

### धर्मवीर मिर्जापुर ने तेजीन्द्र सिंह गोल्डी को दी शुभकामनाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : पशुधन आयोग के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने नवनियुक्त भाजपा कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने गोल्डी के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि चेयरमैन धर्मवीर ने कहा कि , "तेजीन्द्र सिंह गोल्डी के जैसे योग्य और समर्पित नेता के जिलाध्यक्ष बनने से कुरुक्षेत्र भाजपा को नई दिशा मिलेगी। उनका अनुभव और कार्यक्षमता पार्टी के लिए लाभकारी साबित होगी।" इस मौके पर भाजपा के अन्य नेताओं और कार्यकताओं ने भी श्री गोल्डी को बधाई दी और उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रकट की। गोल्डी के कुरुक्षेत्र भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है, जो उनके नेतृत्व में पार्टी की और भी मजबूती की उम्मीद कर रहे हैं। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स,जसवीन्द्र सैनी, विक्रम शर्मा, गुलशन क्लाल्माजरा, रामपाल पाली, ललित मट्टा सहीत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में टेका माथा, लिया माँ का आशीर्वाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष, तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने आज माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में जाकर माथा टेका और पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर उन्होंने माँ से आशीर्वाद प्राप्त किया और पार्टी के लिए कामना की। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि तेजीन्द्र गोल्डी ने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की और माँ भद्रकाली से जिले की समृद्धि और विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि पार्टी और जनता की सेवा में वह अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे। शैलेश वत्स ने आगे बताया कि इस दौरान, मंदिर कमिटी द्वारा तेजीन्द्र सिंह गोल्डी का सम्मान करते हुए उन्हें चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता और श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने इस अवसर पर माँ भद्रकाली का आशीर्वाद लेने के बाद अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए संकल्प लिया और कहा कि वह पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। इस मौके पर गुलशन सैनी,विजय लक्ष्मी,धीरज वालिया,ज्योति, मनीष सिंधवानी,ललित सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### नागरिकों की सुविधा के लिए सर्विस रोड़ का विस्तारिकरण जरूरी: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए एनएचआई के सर्विस रोड़ पर किये जा रहे कार्य को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को मुआयना किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बारिश के मौसम में किसी भी तरह से यातायात प्रभावित ना हो। लोगों को किसी भी तरह के आवागमन में असुविधा का सामना ना करना पड़े। इसका हमें विशेष ध्यान रखना है। इसको लेकर सर्विस लेन को और विस्तार देना होगा। उपायुक्त ने इसको लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि सर्विस लेन में जो बिजली के पोल विस्तार में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं उन्हें अतिशीघ्रता से वहां से हटाया जाए ताकि सर्विस रोड़ के विस्तार में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर उन्होंने दोनों साईड के सर्विस रोड़ का मुआयना किया व सिथति का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता धर्म सिहाग के अलावा एनएचआई के अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे।

# गैर-सरकारी गिरफ़्तार में गुलाम बनाने और बेचने का मामला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जिला पुलिस ने एक और ग्राहक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध शाखा-1 की टीम ने गाजियाबाद करने व गोलियाँ के मामले में एक और नामांकित मोहित शर्मा निवासी सैक्टर -4 कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 फरवरी 25 को थाना सदर थाने के पुलिसकर्मी ने अपनी शिकायत में हरनेक सिंह वासी महराज लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को बताया कि शेखर 4 कुरुक्षेत्र कार्यालय पर कब्जा कर लिया



गया है। दिनांक 21 फरवरी की रात करीब 10 बजे वह अपने ऑफिस में कुछ दोस्तों के साथ बदतमीजी करने लगी। उसी समय उनके एक दोस्त के पास फोन आया फोटो फोन करने वाले ने उनके साथ गिल-ग्लॉच की। जब उसने फोन पर बोला कि वह अपने साथ गैल-ग्लॉच क्यों कर रही है तो फोन करने वाले ने कहा कि वह अपने ऑफि स पर ज्ञान बताती है। कुछ समय बाद उनके ऑफिस पर 2/3 लड़के आए और उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर शुरूआत कर दी। अफ्रीकन के दौरान उन्होंने अपने दोस्त पर हमला करते हुए जब गोल नहीं छोड़ा तो उन्होंने अपने दोस्त पर हमला किया। अफसोस के दौरान उसने फिर से अपने ऊपर गोल गोलियाँ चलाईं जो उसके दोस्त के पैर में लगी। उसने और उसके दोस्तों ने रसायन विज्ञान विभाग को फोन करके बुलाया, दूसरा ढांचागत उपकरण से भाग गया। अन्य याचिका पर थाना सदर मे मामला दर्ज कर जांच की गई। बाद में मामले की जांच में समुद्र तट शाखा-1 को जारी किया गया। दिनांक 22 फरवरी 25 को क्राइम लेक ब्रांच-1 के पी. एसोसिएटेड विनय कुमार की टीम ने मामले में समग्र सुनील कुमार वासी सोयली को गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्यंत भट्ट को दोबारा जिला अध्यक्ष बनाने पर जताई खुशी



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) भाजपा** पार्टी से दुष्यंत भट्ट को जिला अध्यक्ष दोबारा घोषित होने पर पार्षद संजय गोयल व मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल ने उनके कार्यालय पर जाकर उनका मुंह मीठा करवाया व भाजपा पार्टी का धन्यवाद किया । इस मौके पर दुष्यंत भट्ट ने मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल से कहा की आप समालखा में पार्टी के लिए पहले भी मेहनत व ईमानदारी से कार्य कर रहे थे इसी तरह आगे भी पार्टी के लिए कार्य करते रहो मेरे लायक जो भी सेवा हो मुझे बताओ मैं लोगों की सेवा के लिए 24 घंटे हाजिर हूं ।

# दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर** सोनीपत थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ मोनू निवासी ककरोई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वेस्ट राम नगर निवासी जितेंद्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया। रात करीब आठ बजे देखा तो उसकी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सिपाही दिनेश ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**अरेस्ट**

**▸▸ गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ मोनू निवासी ककरोई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

# बाबा बफार्नी व हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनने हुए शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिला** वासी जम्मू कश्मीर में बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए श्रद्धालु तीन जुलाई से जा सकेंगे। अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच और पीएनबी मॉडल टाउन में पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अस्पताल में चिकित्सा जांच कराने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। मंगलवार को सात श्रद्धालुओं ने नागरिक अस्पताल में पहुंचकर अपनी चिकित्सा जांच कराई। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू करने के आदेश जारी किए है। अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त तक जारी रहेगी। सावन में श्रावणी मेले के दौरान बाबा बफार्नी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद जिला नागरिक अस्पताल में श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को विभिन्न गांवों से सात श्रद्धालुओं ने अपनी चिकित्सा जांच करवाई। जिनमें गांव शहजादपुर से पवन शर्मा व देवेंद्र 11वीं बार, हर्ष दूसरी बार, गांव जुआं से अनिल और पलड़ी से दीपक व प्रवेश दूसरी बार, गांव अगवानपुर से विनय कुमार पहली बार अमरनाथ यात्रा पर जाएंगे। सभी श्रद्धालुओं ने मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल पहुंची अपनी चिकित्सा जांच करवाई। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की उम्र 14 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 6 सप्ताह या उससे ज्यादा की गर्भवती महिलाएं अमरनाथ की यात्रा नहीं कर सकती। अमरनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी ऊंचाई पर जाना पड़ता है, जिसकी वजह से सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। यही कारण है कि अस्थमा और फेफड़ों से संबंधित तकलीफ से जूझने वाले श्रद्धालु इस यात्रा के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं माने जाते है। विभाग की तरफ से मेडिकल जांच शुरू कर दी है।

# फ्लैट के नीचे से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में टीडीआई सिटी में स्थित फ्लैट के नीचे से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बुड़शाम हाल में टीडीआई सिटी कुंडली निवासी नवीन ने बताया कि उसने गत 15 मार्च को अपनी बाइक को फ्लैट के नीचे खड़ा किया था। उसके बाद 17 मार्च को सुबह चेक किया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्थापित की जाए आईआईटी : नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** सांसद नवीन जिन्दल ने लोकसभा सत्र के दौरान कुरुक्षेत्र में आईआईटी की स्थापना की मांग उठाई है। सत्र के शून्य काल में सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा कृषि, रक्षा और खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में यहां से आईआईटी में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1 लाख 35 हजार हुई है। लेकिन अभी तक इस राज्य में आईआईटी जैसी तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान की स्थापना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हरियाणा के पास फिलहाल अपनी कोई आईआईटी नहीं है। जबकि रेवाड़ी में



एम्स और रोहतक में आईआईएम जैसे संस्थान पहले से ही मौजूद है। जिनमें शिक्षा प्राप्त करके लाखों युवा अपना भविष्य संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी को कुरुक्षेत्र में स्थापित करने की मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से बातचीत की है। यदि केंद्र हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आईआईटी स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी देता है तो प्रदेश सरकार इसके लिए भूमि अधिग्रहण सहित सभी औपचारिकताएं पूरी करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी इस संस्थान को खोले जाने में हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। सांसद नवीन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों सराहना भी की। साथ ही सांसद ने कहा कि हरियाणा के छात्रों को शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ अवसर मिले। इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर प्रयास करना होगा। कुरुक्षेत्र में आईआईटी की स्थापना से ना केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश को लाभ होगा। आईआईटी से हरियाणा के ग्रामीण और छोटे कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों खासकर हमारी बेटियों को बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा। इसके साथ-साथ यह संस्थान भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी में बेहतर बनाने की दिशा में भी कारगर सिद्ध होगा। इससे हमारे युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिलने के साथ-साथ भारत की युवा ज्ञान शक्ति को भी मजबूती मिलेगी।

**नाम रोशन किया**

**▸▸ सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा कृषि, रक्षा और खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहा है।**

# हमला करने की वारदात में शामिल नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिआ**
**सोनीपतः राई** थाना सोनीपत पुलिस ने तेजधार हथियार से हमला कर सिर पर गंभीर चोट मारने की वारदात में शामिल नाबालिग सहित दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दिनेश निवासी दरभंगा बिहार व नवीन निवासी समस्तीपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित नाबालिग को बाल सुधार व दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाखौली निवासी राहुल ने 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 13 मार्च को वह अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान आरोपित उसके घर में घुस आए। उस पर अचानक तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**काबू**

**▸▸ उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मुकदमा दर्ज कर लिया था।**

# दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपए तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100



प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल के डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि दयालु योजना का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करना है, जिससे उन्हें सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में जो बैंक खाता नंबर दिया हुआ है, उसी में सहायता राशि को भेजा जाएगा। दुर्घटना होने के तीन माह के भीतर इस योजना के तहत आवेदन करना आवश्यक है।

# जिला कारागार में हुआ जेल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में



जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के समक्ष रखे गए सभी 7 मुकदमों का निपटारा किया गया। इन मुकदमों में 4 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।

सीजेएम इरम हसन ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

# आयुर्वेदिक विभाग में चूहों का आंतक, चूहों ने विभाग में रखी दवाइयों को पहुंचाया नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिला** नागरिक अस्पताल परिसर में बने आयुर्वेदिक विभाग में चूहों को आंतक देखने को मिला। चूहों ने पेटियों में रखी करीब पचास पेटी दवाइयों को नुकसान पहुंचा दिया। नुकसान का पता चलने पर विभाग की तरफ से दवाइयों को वितरित करने का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया। जिसके बाद आयुष विभाग में सभी सीएचसी और पीएचसी के लिए दवाइयां वितरित की। मिली जानकारी के अनुसार नागरिक अस्पताल परिसर में स्थापित आयुष विंग की ईमारत में दवाइयां को की जगह कम है। वेयर हाउस से भेजी गई दवाइयों को रखने के लिए जगह प्रर्याप्त न होने के चलते उन्हें बरामदे में रखना पड़ता है। ईमारत में सीढियों के नीचे व बरामदें में रखी पेटियों को चूहों ने कुतर दिया। आयुर्वेदिक विभाग के सीढ़ी के नीचे से चूहे दवाइयों के पेटियों तक पहुंच गए। और फिर उन पेटियों को काटकर खराब कर दिया।

**सीएचसी और पीएचसी स्तर पर वितरित की गई आयुर्वेदिक दवाइयां-** नागरिक अस्पताल में दवाइयां की क्षति होने के बाद सीएचसी और पीएचसी के कर्मचारियों को बुलाकर दवाइयां वितरित की गई है। अस्पताल के आयुष विंग में आयुर्वेदिक दवाइयां की लगभग 500 पेटी रखी हुई थी। जिनको चूहा ने काफी संख्या में कुतर दी है।

**चूहों का आतंक**

**▸▸ नुकसान का पता चलने पर विभाग की तरफ से दवाइयों को वितरित करने का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया**

# आदर्श नगर ब्राह्मण सभा ने किया विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनंदन















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर क्षेत्र ने विधायक राजकुमार भाटिया के लिए आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार भाटिया का भव्य रूप में स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई, जिसके बाद सभी ने भगवान परशुराम जी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर आदर्श नगर के नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार भाटिया का जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर विधायक राजकुमार भाटिया ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा ने बड़े ही भव्य रूप में आज कार्यक्रम का आयोजन किया है। ये धन्यवाद समारोह ना होकर आशीर्वाद समारोह है। एक आशीर्वाद मुझे ब्राह्मण समाज ने 5 फरवरी को दिया था और एक आशीर्वाद मुझे आज मिल रहा है। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजनों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, मंच का सफल संचालन आदर्श नगर ब्राह्मण सभा के महासचिव हरीश भारद्वाज ने किया। इस मौके पर आदर्श नगर क्षेत्र के पूर्व विधायक व सभा के मुख्य संरक्षक पवन शर्मा, मुख्य संरक्षक व सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व ज़िलाध्यक्ष अजय शर्मा, सभा के प्रधान अरविन्द शर्मा, संरक्षक सुरेन्द्र त्यागी, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, चन्द्रमुनि त्यागी, हरीश भारद्वाज महासचिव, उमेश शर्मा कोषाध्यक्ष, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, चंद्रशेखर शर्मा, केवल पार्क विस्तार के प्रधान विजेंद्र शर्मा, प्रधान सोनू शर्मा, मुकेश कौशिक, अरूण पाराशर, ओम दत्त भारद्वाज, सुनील अवस्थी, पीपी शर्मा, रमेश त्यागी, हरीश त्यागी, राजीव त्यागी, राहुल त्यागी, पवन पराशर, मोनी भारद्वाज, पंडित जी रजनीश, ओम प्रकाश कौशिक, प्रकाश कौशिक, अभिषेक शर्मा, अशोक शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, अरविन्द शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, प्रवीन भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील त्यागी, पंडित कुंज बिहारी, श्री श्याम पाण्डेय, नवीन कुमार, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, राजू भारद्वाज, कृष्ण गोपाल, सुरेन्द्र शर्मा, अरूण कुमार, श्रीकांत पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**अभिनन्दन**

- केवल पार्क के प्राचीन शिव मंदिर में हुआ नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार भाटिया के लिए आशीर्वाद समारोह
- दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर क्षेत्र ने किया कार्यक्रम का आयोजन, भारी संख्या में पहुंचे ब्राह्मण समाज के लोग







**राजकुमार भाटिया, विधायक, आदर्श नगर:** ये अभिनंदन समारोह नहीं अपितु आशीर्वाद समारोह है। ब्राह्मण समाज ने एक आशीर्वाद मुझे 5 फरवरी को दिया था और दूसरा आशीर्वाद मुझे आज मिल रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी हर कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरने की पूरी कोशिश करूँगा।


**नवीन त्यागी, मुख्य संरक्षक :** राजकुमार भाटिया जी की जीत में ब्राह्मण समाज ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मुझे विश्वास है कि भाटिया जी समाज की हर आशा-आकांशा पर खरे उतरेंगे।


**अरविंद शर्मा, प्रधान, ब्राह्मण सभा:** भाटिया जी को इस बड़ी जीत की बहुत बहुत बधाई। ब्राह्मण समाज सिर्फ सम्मान चाहता है। ये समाज जिसका भी साथ देता है, पूरे दिल से देता है। इस चुनाव के नतीजे भी बता रहे हैं कि ब्राह्मण समाज ने भाटिया जी को अपना पूर्ण आशीर्वाद दिया है।


**अजय शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा:** मैं आज भाजपा की तरफ से नहीं बल्कि ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधि के तौर पर भाटिया जी का अभिनंदन करता हूँ। भाटिया जी और मेरी मित्रता 35 वर्ष पुरानी है। इस भव्य कार्यक्रम के लिए ब्राह्मण सभा बधाई की पात्र है।


**सुभाष दीक्षित, प्रधान, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन:** भाटिया जी से ब्राह्मण समाज को बहुत उम्मीदे हैं। मैंने भाटिया जी के चुनाव में उनके व्यक्तित्व, उनकी कार्यशैली और काम के प्रति उनका जुझारूपन देखा है। मैं सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज को विश्वास दिलाता हूँ कि भाटिया जी ब्राह्मण समाज के सम्मान में कभी कमी नहीं आने देंगे।

# भाईचारा कमेटी ट्रस्ट ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाईचारा कमेटी ट्रस्ट द्वारा एक शाम कान्हा के नाम व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आपको बतादें कि दिल्ली के शालीमार बाग के बीएच मार्केट में प्रधान राजेश गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मनमोहक झांकियां, होली गीत, होलिका दहन, फूलों की होली सहित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री बहन रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता उपस्थित रहे।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश जैन, जेडी सूफी गायक, सरस्वती गायक, टेकन छाबड़ा, शक्ति सिंह, मुनिश सहरावत, तारा सीमा शर्मा, एसके मुद्गल, प्रवीण गुप्ता, रेणु छाबड़ा, सीमा सिसोदिया, सन्नी जैन, गिरीश ग्रोवर, संदीप रामुका, अन्नू रामुका, कमल मिगलानी, सूरज वर्मा, मोहित त्यागी, अजय थापर, आनंद गुलिया, राजेश ठाकुर, अनिरुद्ध जैन, सन्नी अरोड़ा, अंकित सेठी, पूनम शर्मा, बलराम गुप्ता, संजय शिवहरे, पंकज कटार, लोकेश वोहरा मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाईचारा कार्यकारिणी से लक्ष्मी गुप्ता, उर्मिला मांझी, प्रमोद मुंजाल, देव शर्मा, दुर्गेश शुक्ला, सविता सहरावत, कृष्णपाल गुर्जर, रिंकू शर्मा, ललित वर्मा, बबिता गुर्जर, आरती वर्मा, प्रदीप, गीता सिराए, कविता शर्मा, सरफुद्दीन सैफी, दिप्ती खन्ना, विम्मी मुंजाल, ज्योति ठाकुर, सोनी शर्मा, राहुल भाई, सिम्मी कठपाल, ममता झा, नरेंद्र ग्रेवाल, इंद्रा गुप्ता, मयंक सहरावत, पवन झा, मंजू मित्तल, कार्तिक, विजय सैनी, ईशा शर्मा, हिमांशी कक्कड़, सान्या गुप्ता, राघव गुप्ता, नीतू सिंह, शीनू प्रथम गुप्ता, दुर्गा देवी, सीमा शर्मा, सुनीता वर्मा, सविता वर्मा सहित समस्त भाईचारा परिवार ने बहुत ही सौहार्द पूर्ण माहौल में होली मिलन समारोह को सफल बनाया।

इस मौके पर प्रधान राजेश गुप्ता ने होली मिलन समारोह को जबरदस्त और सुपर डुपर हिट बनाने के लिए सभी अतिथियों एवं कमेटी सदस्यों का दिल से हार्दिक धन्यवाद किया।







# जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं,

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए।



इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद माह में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा। देखना होगा कि क्या इसमें जनपदों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ा जा सकता है।

**निरीक्षण किया**

**मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस का जो डेटा विभाग देते हैं, उनकी रैंडम चेकिंग की जाए। मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और योजनाओं पर चर्चा की जाए। जो विभाग और योजनाएं टॉप पर हैं, उनका प्रजेंटेशन सबके सामने रखा जाए और उन्हें बताया जाए कि किस तरह कार्य करना है और कहां कमी रह गई है।

उनकी रिपोर्ट और सक्सेस स्टोरीज को बाकी के साथ शेयर किया जाना चाहिए। ये भी देखा जाना चाहिए कि जो लोग पीछे हैं उसके पीछे कारण क्या है।

# काशी विद्यापीठ में छात्रों ने कुलपति कार्यालय में जड़ा ताला, धरना प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय परिसर में अराजक तत्वों के प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः महात्मा** गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में बुधवार को पंत प्रशासनिक भवन में जुटे छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में अराजक तत्वों का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान कुलपति कार्यालय में ताला जड़ दिया और चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पाकर प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ चीफ प्रॉक्टर और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ताला खुलवाते हुए छात्रों को वहां से हटाया। इस पर छात्र प्रशासनिक भवन के सामने धरना पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने दो टूक कहा



कि अराजक तत्वों का परिसर में आना रोका जाए। दरअसल कुछ दिन पहले विवि परिसर में छात्र-छात्राएं होली पर्व पर रंग गुलाल उड़ा कर नृत्य कर रहे थे। इसी बीच बाहरी युवक भी वहां पहुंच गए और अभद्रता करने लगे। छात्रों ने उन्हें रोका तो वे पत्थरबाजी कर भाग निकले। इसी को लेकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेता आशुतोष तिवारी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के बाहरी दीवारों के पास दुकान लगाने वाले युवकों ने ही परिसर में अराजकता की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश में 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश में बुधवार को और 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। इससे पहले 32 आईपीएस का स्थानांतरण हुआ था।

तबादले के क्रम में अंजली शर्मा को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में नवीन तैनाती दी गई है। शैव्या गोयल को सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, आदित्य को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा, कुंवर आकाश सिंह को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद, अनंत चंद्रशेखर को सहायक पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ से अपर पुलिस अधीक्षक चंदौली बनाया गया है। किरन यादव द्वितीय को सहायक पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, अमृत जैन को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़, अंशिका वर्मा को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बरेली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अमरेंद्र सिंह को एडीसीपी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट, शुभम अग्रवाल को अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, रल्लापल्ली वसंध कुमार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लखनऊ, डा. अमोल मुरकुट को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, पुष्कर वर्मा को एडीसीपी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है। अरुण कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी बनाया गया। आईपीएस व्योम बिंदल को अपर पुलिस अधीक्षक सहारनपुर और भंवरे दीक्षा अरुण को एएसपी ग्रामीण शाहजहांपुर में नवीन तैनाती दी है।

### नदी में नहाते समय डूब रहे युवक-युवती को जल पुलिस ने बचाया

**वाराणसीः जिले** के भेलूपुर थाना क्षेत्र के तुलसीघाट पर बुधवार को गंगा में नहाते समय लखनऊ के युवक और युवती फिसल कर गहरे पानी में डूबने लगे। दो लोगों को नदी में डूबता देख वहां आए स्नानार्थियों ने शोर मचाया। मौके पर आए जल पुलिस के जवान संतोष कुमार ने पानी में उतर मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित नदी बाहर निकाल लिया। दोनों ने जल पुलिस के जवान का आभार जताया। वहीं, घाट पर मौजूद लोगों ने भी जवान की सराहना की। उल्लेखनीय है कि लखनऊ निवासी आर्य कुमार पुत्र बबलू कुमार और युवती मंजू कुमारी अपने दोस्त उपेन्द्र के साथ वाराणसी बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन करने आए थे। मंदिर में दर्शन पूजन के पूर्व तीनों अस्सीघाट घूमने के बाद टहलते हुए तुलसीघाट पहुंचे। तीनों गंगा में स्नान करने पानी में उतरे। उपेन्द्र ने सीढ़ी पर बैठ कर स्नान किया। वहीं, आर्य कुमार और मंजू सीढ़ी से थोड़ा आगे बढ़कर नहाने के लिए गंगा में उतरे। इस दौरान गहराई होने के चलते दोनों नदी में डूबने लगे। दोनों को जल पुलिस के जवान ने नदी में डूबने से बचा लिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि तुलसीघाट पर पानी के गहराई का अंदाजा न मिलने पर अक्सर नहाने आए पर्यटक या स्नानार्थी डूब जाते हैं।

### सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 22 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**लखनऊः जय** प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। नवोदय पैटर्न पर संचालित ये विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के जरिए चयन होगा। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 22 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को होगी। 31 मार्च को सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी, बल्कि दसवीं के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। गांव के छात्रों को 85 फीसदी और शहरी छात्रों को 15 फीसदी सीटों में प्राथमिकता मिलेगी। आरक्षण के तहत 60 फीसदी सीटें अनुसूचित जाति जनजाति, 25 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 फीसदी सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी। कक्षा 6 और 7 में 70 सीटें होंगी।

## तेज रफ्तार ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**मीरजापुर**

**चील्ह थाना** क्षेत्र के मीरजापुर-औराई मार्ग पर चील्ह चौराहे के पास मंगलवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्रयागराज जनपद के कौधियारा थाना क्षेत्र के सोढ़ीया गांव निवासी शैलेंद्र कुमार तिवारी (26) पुत्र पारसनाथ तिवारी किसी कार्य से वाराणसी गया था। वहां से लौटते समय रात करीब 11 बजे जैसे ही वह चील्ह चौराहे के पास पहुंचा, आगे चल रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ट्रक के अचानक रुकने से शैलेंद्र अपनी बाइक समेत उससे टकरा गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# सीएम योगी के नेतृत्व में हो रहा परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडाः योगी** सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव ला रही है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर दादरी में हाईटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्न के विजन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का अभूतपूर्व कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की




दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**प्रदेश का हर स्कूल मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जितः** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अगर देश को विकसित बनाना है तो विद्यालयों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करना होगा, क्योंकि भारत के भविष्य का रास्ता इन्हीं विद्यालयों से होकर गुजरता है। इस अवसर पर पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक ऐसे विद्यालयों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। पहले स्कूलों की स्थिति बहुत खराब थी। पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड नहीं होते थे, बच्चों के बैठने के लिए सीट नहीं थी, छत से पानी टपकता था। लेकिन अब प्रदेश में ऐसा कोई विद्यालय नहीं है, जहां मूलभूत सुविधाएं न हों। उन्होंने कहा कि ह्यऑपरेशन कायाकल्पह्न के जरिए सरकार यूपी के स्कूलों का कायाकल्प कर रही है। प्रदेश के 1 लाख 30 हजार परिषदीय विद्यालयों में 1 करोड़ 57 लाख से अधिक बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा दी जा रही है। इन विद्यालयों में कुल 19 पैरामीटर पर कार्य किया गया है, जिनमें से 97 प्रतिशत लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

**अब परिषदीय विद्यालय किसी कान्वेंट से कम नहीं:** संदीप सिंह ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय कान्वेंट और पब्लिक स्कूलों से किसी भी मायने में कम नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सिर्फ विद्यालयों के ढांचे को आधुनिक नहीं बना रही, बल्कि शिक्षकों को भी उच्च स्तरीय सुविधाएं देकर उन्हें शिक्षण कार्य में पूरी तरह सक्षम बना रही है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक निजी स्कूलों के शिक्षकों से कहीं अधिक योग्य और दक्ष हैं।

**57 जिलों में बन रहे हैं सीएम मॉडल स्कूलः** बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि योगी सरकार 57 जिलों में सीएम मॉडल स्कूल बना रही है।

प्रत्येक स्कूल को 30 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। ये विद्यालय पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट क्लासरूम से लैस होंगे।

# भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन कराएगी 7 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज**

**इंडियन रेलवे** केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि. (आईआरसीटीसी) भारत गौरव यात्रा पर्यटक ट्रेन 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन 11 से 22 अप्रैल तक करने जा रहा है। जो 11 रात्रि एवं 12 दिन का पैकेज है। इसके अन्तर्गत उज्जैन स्थित महाकालेश्वर एवं ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात स्थित सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, भेट द्वारका एवं सिग्नेचर ब्रिज, नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी एवं कालाराम मंदिर, पुणे स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन हेतु यात्रा करायी जाएगी। इस ट्रेन में बैठने की सुविधा योगनगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर से उपलब्ध है। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के कंम्फर्ट श्रेणी के पैकेज में डीलक्स होटलों के एसी कमरे में रात्रि का विश्राम-वाश एंड चेंज, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 52200 रुपये प्रति व्यक्ति है। इस यात्रा के स्टैंडर्ड श्रेणी के पैकेज में बजट होटलों के एसी कमरे में रात्रि का विश्राम, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है।

वाश एंड चेंज की व्यवस्था नान एसी बजट होटलों में होगी। इस पैकेज में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 39550 रुपये प्रति व्यक्ति है।

## महाकुंभ भगदड़ मामले में जांच आयोग ने जनता से मांगें साक्ष्य

**लखनऊः प्रयागराज** में महाकुंभ मेला-2025 के दौरान मची भगदड़ के मामले की जांच तेज हो गई है। तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी ने मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना के सम्बन्ध में जांच के लिए साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए जनमानस से सहयोग की अपील की है। त्रि-सदस्यी न्यायिक जांच आयोग के सचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दौरान महाकुम्भ मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना में जांच की जा रही है।, अधिमानतः शपथ पत्र व जिस किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित बनाई गई।

# पालतू जर्मन शेफर्ड ने मालकिन को नोच-नोच कर किया मरणासन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः जनपद** के विकास नगर मोहल्ले में पालतू कुत्ते ने अपनी ही वृद्ध मालकीन पर अचानक हमला बोल दिया और उसे नोच-नोचकर मरणासन्न कर दिया। आवाज सुनकर बहु और पोता उठकर आये लेकिन कुत्ता पूरी तरह से पागल हो जाने के कारण कोई उसे रोक नहीं पाया। परिजन बेबस होकर देखते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस और नगरनिगम की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कुत्ते को अपनी गिरफ्त में लेकर वृद्ध महिला को रक्तरंजित हालत में हैलेट अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधिकारीयों ने घटना 4 दिन पहले होली के दिन की बताई हैं। आपको बता दे कि विकास नगर के बीमा चौराहे के पास बुजुर्ग मोहिनी त्रिवेदी (91) वर्षीय अपनी बहू किरण और पोते धीर प्रशांत त्रिवेदी के साथ रहती थीं। जबकि सिंचाई विभाग में अफसर रहे मोहिनी के पति सुंदर लाल त्रिवेदी का 20 साल पहले निधन हो चुका था। साथ में रहने वाले बेटे विकास भवन से रिटायर दिलीप त्रिवेदी का पिछले वर्ष 26 दिसंबर को निधन हो गया था।

# निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः मुरादाबाद** जनपद के पांच कालेजों में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बुधवार को शुरू हो गया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया जनपद के सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन कार्य शुरू है। मुरादाबाद में पारकर इंटर कालेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज व आरएन इंटर कॉलेज में मूल्यांकन हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय शतानंद शर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा की



उत्तर पुस्तिकाओं के लिए पारकर इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। वहीं 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और जीजी हिंदू इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया है। उन्होंने बताया कि बीते दिन पारकर इंटर कॉलेज में 540 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षकों को ट्रेनिंग दी गई थी जो कि 1 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 526 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया था जो कि 78 हजार उत्तरपुस्तिकाएं चेक करेंगे। आरएन इंटर कॉलेज में 485 परीक्षक और उप प्रधान परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया था जो 1 लाख 21 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 397 परीक्षक उप प्रधान परीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया था।

**तीसरी आंख**

**हाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 397 परीक्षक उप प्रधान परीक्षक को प्रशिक्षण दिया गया था**

# योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल : 'हरित प्रदेश' बना उत्तर प्रदेश

## पारदर्शिता के आधार पर वन विभाग में भी हजारों युवाओं को मिली नियुक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सुशासन व सुदृढ़ कानून व्यवस्था की बदौलत एक तरफ उत्तर प्रदेश को जहां सर्वोत्तम प्रदेश बना डाला, वहीं आठ वर्ष में 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण से इसे 'हरित प्रदेश' के रूप में भी समृद्ध कर दिया।

भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के मुताबिक यूपी के वनावरण व वनाच्छादन में 559.19 वर्गकिमी की वृद्धि हुई है। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत यूपी में 36.80 करोड़ पौधरोपण हुए।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग ने कई बड़े-बड़े कार्य भी किए। वन विभाग में पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नियुक्ति दी गई। यूपी में पहली बार कार्बन क्रेडिट के जरिये किसानों की आय में वृद्धि हुई। 25 नवम्बर 2024 से लखनऊ से पलिया तक योगी सरकार ने हवाई सेवा भी शुरू की। उत्तर प्रदेश में सारस की संख्या में भी वृद्धि हुई।

**उत्तर प्रदेश में पाई गई सर्वाधिक डॉल्फिनः** योगी सरकार के प्रयास का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश की नदियों में सर्वाधिक डॉल्फिन पाई गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक में रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक देश में नदी डॉल्फिन की कुल संख्या 6,327 रही। देश के आठ राज्यों की 28 नदियों के सर्वेक्षण में सर्वाधिक संख्या (2397 डॉल्फिन) के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। अन्य राज्य यूपी से पीछे हैं। योगी सरकार ने 17 अक्टूबर 2023 को गंगा डॉल्फिन को राज्य जलीय जीव घोषित किया था।

**सुशासन**

**किसानों की आय में वृद्धि हुई। 25 नवम्बर 2024 से पलिया तक योगी सरकार ने हवाई सेवा भी शुरू की उत्तर**

**यूपी का वनाच्छादन व वनावरण क्षेत्र बढ़ाः** योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया। विगत वर्ष 36.80 करोड़ पौधरोपण कर उत्तर प्रदेश ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया। भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। छत्तीसगढ़ को छोड़कर सभी राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।

**योगी सरकार के नेतृत्व में वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की अन्य प्रमुख उपलब्धियांः** सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार के आठ वर्ष में विभाग के अंतर्गत लगभग ढाई हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

## एटीएस ने कानपुर से संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः यूपी** एटीएस ने बुधवार को कानपुर नगर के अमार्पुर एरिया में बने आर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत जूनियर वर्क्स मैनेजर कुमार विकास को गिरफ्तार किया है। कर्मचारी पर पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से गोला-बारूद की सूचना के साथ ही कर्मचारियों की अटेंडेंस सहित अन्य जरूरी गोपनीय दस्तावेज साझा करने के आरोप है। हालांकि इस मामले में फैक्ट्री के अधिकारियों ने अनभिज्ञता जताई है। एटीएस ने बुधवार को जारी किए प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पकड़ा गया कुमार विकास हाल पता बिठूर के नारामऊ थाना क्षेत्र स्थित न्यू हाई-वे सिटी का रहने वाला है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-40 | |
| **कार्य का नामः** झाँसी-परौना - पम्पिंग आउट ऑफ़ स्टैगनैन्ट वाटर एट डिफरेंट लोकेशन ऑफ़ सब वे अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी सब डिवीज़न फॉर 02 ईयर। | |
| **अनुमानित लागत (रू):** ₹ 2591548.55 | **अमानत राशिः** ₹ 51800.00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 माह | |
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-41 | |
| **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ़ आरसीसी बाउंड्री वाल अलोंग दी ट्रैक इन झाँसी यार्ड टू एलसी-118, अंडर एडीईएन/एचक्यू-I/झाँसी सब डिवीज़न। | |
| **अनुमानित लागत (रू):** ₹ 26648045.98 | **अमानत राशिः** ₹ 283300.00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह | |
| **दोनों निविदा बन्द होने की तिथि: 16.04.2025 at 15:00 hrs.** | |

- निविदा **दिनांक** 16.04.2025 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 499/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT-63 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के तहत (S)-1.202KM कोचिंग लाइन नंबर 1 और 1.077KM कोचिंग लाइन नंबर 2 GZB यार्ड के तहत ADEN/GZB के अंतर्गत, CTR(P)-0.870KM MTC-HPU(S/L) लाइन से किमी 91.100 से 91.970 तक ADEN /MUT के अंतर्गत और TRR(P)-1.370KM SBB यार्ड लूप लाइन नंबर 2 ADEN/GZB में CTR आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार।** |
| NIT-64 | **कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में, सहायक मंडल अभियंता शामली व गाजियाबाद के खंड में >9.15 मीटर और 12.20 मीटर तक PSC स्लैब और सहायक मंडल अभियंता मेरठ के खंड में >6.15 से 9.15 मीटर तक PSC स्लैब व स्टील गर्डर पुलों का प्रतिस्थापन आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार।** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.04.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/e-Tender Notice/NIT-63, 64-24-25-W-II दिनांक : 18.03.2025

844/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

फास्ट न्यूज

## दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नागपुर:** नागपुर हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके। नागपुर हिंसा में दर्ज हुई एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। नागपुर में बीते सोमवार को उस वक्त हिंसा भड़क गई थी, जब विश्व हिंदू परिषद ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अफवाह फैली कि प्रदर्शन के दौरान एक धार्मिक ग्रंथ को जलाया गया। जिससे हिंसा भड़क गई। महिला पुलिसकर्मियों को दंगाइयों ने किए आपत्तिजनक इशारे हिंसा सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे नागपुर के चिटनिस पार्क के महाल इलाके में शुरू हुई। इस दौरान पुलिस पर दंगाइयों की भीड़ ने पथराव कर दिया और पेट्रोल बम भी फेंके गए। दर्जनों वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि हिंसा के मामले में पांच एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि कुछ लोगों ने भलदारपुरा चौक पर मौजूद पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर पेट्रोल बम और पत्थर फेंके गए। एफआईआर के अनुसार, अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने एक महिला पुलिसकर्मी को छूने और उसकी वर्दी फाड़ने की कोशिश की। भीड़ ने अन्य महिला पुलिसकर्मियों को गालियां दीं और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों को गलत इशारे भी किए।

## राहुल-अखिलेश की औरंगजेब से तुलना

**टीम एक्शन इंडिया**

**लावड़ (मेरठ)।** भाजपा नेता व सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम ने औरंगजेब के क्रूर और हिंदू विरोधी इतिहास की याद दिलाते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर विवादित टिप्पणी कर दी। कहा कि अगर औरंगजेब देशद्रोही था तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी देशद्रोही की श्रेणी में आते हैं। वह दिल्ली-दून हाईवे पर दशरथपुर गांव स्थित मंगलम फार्म हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

औरंगजेब ने गिरवाए काशी और मथुरा के मंदिर : संगीत सोम

उन्होंने कहा कि औरंगजेब लाखों हिंदुओं को कटवाने और महिलाओं के साथ दुष्कर्म करवाने वाला था।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम कमांड सेंटर का किया निरीक्ष[ण], की विभागों और

चेतावनी दी

▸▸ सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की हो मॉनीटरिंग



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

**हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए: सीएम**

बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा।

### छोटे टार्गेट्स देकर खानापूर्ति नहीं करना चाहिए: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि यदि सरकार जो स्कीम या अभियान चलाती है और अगर वह 100 प्रतिशत सैचुरेटेड नहीं होता तो उसका उद्देश्य अपूर्ण है। नियमित रूप से उनकी चेकिंग होनी चाहिए। हर विभाग अपने स्तर पर हर दिन मॉनीटरिंग करे। उन्होंने कहा कि स्कीम बनाते समय अधिकारी यह जरूर ध्यान दें कि इसका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल छोटे टार्गेट्स देकर खानापूर्ति नहीं करना चाहिए, बल्कि इसे क्षमता आधारित बनाना चाहिए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीआरएस के संदर्भ के विषय में संतुष्टिकरण का प्रतिशत बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू, पुलिस, हेल्थ, जिला प्रशासन, नगर निगम, पंचायती राज व अन्य संबंधित विभाग शिकायतों से जुड़े पक्ष को जवाबदेह बनाएं। समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता में रखते हुए टेक्नोलॉजी का उपयोग करें। महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त परियोजनाएं समय पर चलें, इसको प्राथमिकता में रखते हुए आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कानपुर मेट्रो समेत अन्य परियोजनाओं की निरंतर फोटो अपलोड किए जाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया, ताकि अधिकारी अपडेट रहें।

## 'सर्वोत्तम प्रदेश' के साथ 'हरित प्रदेश' हुआ उत्तर प्रदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन व सुदृढ़ कानून व्यवस्था की बदौलत एक तरफ उत्तर प्रदेश को जहां सर्वोत्तम प्रदेश बना डाला, वहीं आठ वर्ष में 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण से इसे 'हरित प्रदेश' के रूप में भी समृद्ध कर दिया। भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के मुताबिक यूपी के वनावरण व वनाच्छादन में 559.19 वर्गकिमी की वृद्धि हुई है। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत यूपी में 36.80 करोड़ पौधरोपण हुए। सीएम योगी के नेतृत्व में वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग ने कई बड़े-बड़े कार्य भी किए। वन विभाग में पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नियुक्ति दी गई। यूपी में पहली बार कार्बन क्रेडिट के जरिये किसानों की आय में वृद्धि हुई। 25 नवम्बर 2024 से लखनऊ से पलिया तक योगी सरकार ने हवाई सेवा भी शुरू की। उत्तर प्रदेश में सारस की संख्या में भी वृद्धि हुई।

**उत्तर प्रदेश में पाई गईं सर्वाधिक डॉल्फिन**

योगी सरकार के प्रयास का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश की नदियों में सर्वाधिक डॉल्फिन पाई गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक में रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक देश में नदी डॉल्फिन की कुल संख्या 6,327 रही। देश के आठ राज्यों की 28 नदियों के सर्वेक्षण में सर्वाधिक संख्या (2397 डॉल्फिन) के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। अन्य राज्य यूपी से पीछे हैं। योगी सरकार ने 17 अक्टूबर 2023 को गंगा डॉल्फिन को राज्य जलीय जीव घोषित किया था।

पौधारोपण

▸▸ 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण कर योगी सरकार ने पेश की मिसाल

▸▸ भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के मुताबिक 559.19 वर्गकिमी बढ़ा यूपी का

### यूपी का वनाच्छादन व वनावरण क्षेत्र बढ़ा

**योगी** सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 204 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया। विगत वर्ष 36.80 करोड़ पौधरोपण कर उत्तर प्रदेश ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया।भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। छत्तीसगढ़ को छोड़कर सभी राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।

## शहरी सहकारी बैंक परिचालन को जोखिमों से निपटने में बनाएं सक्षम: संजय मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) से कहा कि वे अपने परिचालन को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और साइबर संबंधी जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाएं। आरबीआई गवर्नर ने देश के विभिन्न भागों में संचालित सभी स्तरों के चुनिंदा शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के अध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ यहां बैठक के दौरान यह बात कही। मल्होत्रा ने शहरी सहकारी बैंकों से आईटी और साइबर संबंधी जोखिमों के खिलाफ परिचालनात्मक रूप से लचीला बने रहने को कहा। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक गवर्नर ने अपने उद्घाटन भाषण में जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा करने और वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में यूसीबी की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। मल्होत्रा ने कहा कि रिजर्व बैंक इस क्षेत्र को उसकी विकास महत्वाकांक्षाओं में सहयोग देना जारी रखेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहरी सहकारी बैंकों को भी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

## 'भ्रामक सूचनाओं को रोकना भी चुनौती: सीडीएस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि तकनीक सक्षम बना सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती। सीडीएस ने कहा कि देश इस समय असममित खतरों का सामना कर रहा है और देश में उप-परंपरागत तरह का संघर्ष देखने को मिल रहा है। रायसीना डायलॉग में एक चर्चा के दौरान सीडीएस ने कहा कि पश्चिम के वैश्विक युद्ध या आतंकवाद जैसे टर्म से बहुत पहले ही भारत ने 'अपरंपरागत प्रकार का संघर्ष' जैसी संज्ञा दे दी थी।



**सीडीएस ने बताई क्या है भारत की सबसे बड़ी चुनौती**

सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि 'भारत को देश के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौती मिल रही है। जहां तक इससे मिली सीख की बात है तो मुझे लगता है कि जमीन पर सैनिकों की मौजूदगी का कोई विकल्प नहीं है। तकनीक मदद कर सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती और ये बेहद अहम है।' साथ ही उन्होंने युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने और खुफिया विभाग को भी मजबूत करने की जरूरत बताई। सीडीएस चौहान ने कहा कि दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। पहले परंपरागत युद्ध होते थे, लेकिन अब समय बदल गया है, लेकिन संघर्ष अभी भी जारी हैं।

खुफिया विभाग

▸▸ 'तकनीक सक्षम बना सकती है, लेकिन ये लोगों की जगह नहीं ले सकती: सीडीएस अनिल चौहान

## 21 को बांग्लादेश पर प्रस्ताव पारित करेगा संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने बताया कि, संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 21 से 23 मार्च तक बंगलूरू में तीन दिवसीय बैठक करेगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इन तीन दिनों के दौरान, कार्यकारी समिति बांग्लादेश पर प्रस्ताव पारित करेगी और आरएसएस शताब्दी समारोह पारित किया जाएगा।

**'बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति पर होगी चर्चा'**

उन्होंने आगे कहा कि संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले संघ की तरफ से किए गए कार्यों और इसके भविष्य के रोडमैप का विस्तृत सारांश प्रस्तुत करेंगे। क्षेत्रीय प्रमुख भी अपने कार्यों, कार्यक्रमों, भूमिका और भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत करेंगे, जिनकी समीक्षा की जाएगी। सुनील आंबेकर ने कहा, 'बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति और आरएसएस की भूमिका पर कार्यकारी समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी।




## बच्चों के उनकी देखभाल नहीं करने पर गिफ्ट डीड रद्द कर सकते हैं बुजुर्ग: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** मद्रास हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि यदि बच्चे या निकट संबंधी अपने माता-पिता की देखभाल करने में नाकाम रहते हैं तो वे उनके नाम की गई संपत्ति की गिफ्ट डीडी रद्द कर सकते हैं, भले ही गिफ्ट डीड में लगाई गई शर्तों में इसका जिक्र न किया गया हो। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस के राजशेखर की डिवीजन पीठ ने हाल ही में मृतक एस नागलक्ष्मी की पुत्रवधू एस



माला की ओर से दायर अपील को खारिज कर दिया। नागलक्ष्मी ने अपने बेटे केशवन के पक्ष में समझौता पत्र (सेटलमेंट डीड) इस उम्मीद के साथ तैयार किया था कि वह और उनकी पुत्रवधू जीवनपर्यन्त उनकी देखभाल करेंगे लेकिन वे उनकी देखभाल करने में विफल रहे।

टिप्पणी

▸▸ नागलक्ष्मी ने अपने बेटे केशवन के पक्ष में समझौता पत्र (सेटलमेंट डीड) इस उम्मीद के साथ तैयार किया था

## कांग्रेस ने ईसी आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए


**नई दिल्ली: कांग्रेस** सांसद मनीष तिवारी ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य वोटर लिस्ट और पूरक वोटर लिस्ट में इतना बड़ा अंतर क्यों है इसके अलावा, उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की बैटरी को लेकर भी सवाल खड़े किए। मनीष तिवारी ने कहा, 'जब ईवीएम चुनाव के पूरे दिन इस्तेमाल होती है और फिर तीन-चार दिनों तक स्टोर रूम में रखी जाती है, तो इसकी बैटरी 99 फीसदी तक कैसे रह सकती है'

शिक्षा पर बल — ग्रेटर नोएडा में आधुनिक सुविधाओं से लैस परिषदीय विद्यालय का हुआ लोकार्पण

## सीएम योगी के नेतृत्व में हो रहा परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव ला रही है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर दादरी में हाईटेक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्राथमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्न के विजन को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का अभूतपूर्व कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास



जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**प्रदेश का हर स्कूल मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित: संदीप सिंह**

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अगर देश को विकसित बनाना है तो विद्यालयों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करना होगा, क्योंकि भारत के भविष्य का रास्ता इन्हीं विद्यालयों से होकर गुजरता है। इस अवसर पर पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक ऐसे विद्यालयों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। पहले स्कूलों की स्थिति बहुत खराब थी। पढ़ाने के लिए ब्लैकबोर्ड नहीं होते थे, बच्चों के बैठने के लिए सीट नहीं थी, छत से पानी टपकता था। लेकिन अब प्रदेश में ऐसा कोई विद्यालय नहीं है, जहां मूलभूत सुविधाएं न हों। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के जरिए सरकार यूपी के स्कूलों का कायाकल्प कर रही है। प्रदेश के 1 लाख 30 हजार परिषदीय विद्यालयों में 1 करोड़ 57 लाख से अधिक बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा दी जा रही है। इन विद्यालयों में कुल 19 पैरामीटर पर कार्य किया गया है।